संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक-263 मंगलवार, 25 जुलाई 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# मणिपुर मुद्दे पर संसद में पक्ष-विपक्ष का जोरदार हंगामा

### » तीसरे दिन भी बगैर काम काज के स्थगित हुई लोकसभा




**नई दिल्ली,24 जुलाई 2023 (ए)।** लोकसभा में मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सत्र के तीसरे दिन सोमवार को भी कोई कामकाज नहीं हुआ और तीन बार के स्थगन के बाद अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा की कार्यवाही चौथी बार ढाई बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही शुरु की विपक्षी सदस्य पहले की तरह आसन के सामने आ गये और हंगामा तथा नारेबाजी करने लगे। हंगामा कर रहे सदस्य होथों में तख्तियां थीं। अध्यक्ष ने सदस्यों से हंगामा नहीं करने का आग्रह किया और कहा कि सदस्य दो-तीन दिन से लगातार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा की बात कर रहे हैं इसलिए इस मुद्दे पर गृहमंत्री सदन में बात रखेंगे।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा ''मेरा विपक्ष के सभी सदस्यों से आग्रह है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य इस अत्यंत संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। मैं सदन में चर्चा के लिए तैयार हूं। मालूम नहीं विपक्ष चर्चा क्यों नहीं चाहता है जबकि देश इस पर चर्चा चाहता है। विपक्षी सदस्यों से मेरा आग्रह है कि इस मुद्दे पर चर्चा हो ताकि देश के सामने स्पष्ट संदेश जाए।÷ गृहमंत्री के बयान के बीच भी जब विपक्षी सदस्य नारेबाजी और टोकाटोकी करते रहे।

अध्यक्ष बिरला ने कहा ''गृहमंत्री का बयान होने दिया जाए। सरकार चर्चा के लिए तैयार है। हमेशा ऐसे मुद्दों पर संबद्ध विभाग का मंत्री पहले बयान देते हैं लेकिन विपक्ष यहां नयी परंपरा शुरु करना चाहता है जो ठीक नहीं है। सरकार चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष चर्चा नहीं चाहता है।÷ हंगामा बढ़ता देख अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले भोजनावकाश के बाद दो बजे जैसे ही पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल को सदन की कार्यवाही शुरु की तो विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरु कर दिया जिसके कारण उन्हें आधा घंटे के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

12 बजे तक स्थगित हुई सदन की कार्यवाही

इससे पहले सुबह 11 बजे अध्यक्ष ने जैसे ही प्रश्न काल शुरु किया तो विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरु करते हुए नारेबाजी आरंभ कर दी और सदस्य आसन के सामने आ गये। हंगामें के बीच ही बिरला ने प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया। कुछ सवालों के जवाब मंत्रियों ने दिये लेकिन हंगामे के कारण उन्हें सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

दोपहर 12 बजे शून्य काल शुरू होते ही पीठासीन अधिकारी ने जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। इस दौरान भी कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्य सदन में हंगामा और शोरगुल करते रहे। कई विपक्षी सदस्य तख्तियां भी लहराते रहे। वे सदन में तत्काल चर्चा और उसका जवाब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देने की मांग को लेकर शोरगुल और हंगामा करते रहे। कई विपक्षी सदस्य सदन के बीचोंबीच आ गये।

अग्रवाल ने जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाने के बाद विपक्षी सदस्यों से कहा कि हंगामा भी हो और चर्चा भी हो, ऐसा संभव नहीं है। विपक्षी सदस्यों का हंगामा रुकते न देखकर अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी लेकिन ढाई बजे जैसे ही सदन शुरु हुआ और हंगामा नहीं था तो लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

## सांसद संजय सिंह मानसून सत्र से हुए सस्पेंड

मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर लोकसभा और राज्यसभा में सोमवार को भी जमकर हंगामा हुआ। इस हंगामे के बीच आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है। संजय सिंह को बार-बार सभापति के आदेश की अवेहलना करने के कारण सस्पेंड किया गया है। संजय सिंह का यह निलंबन ऐसे समय में हुआ है, जब दिल्ली में नौकरशाहों पर नियंत्रण पर केंद्र के अध्यादेश को लेकर भाजपा और आप आमने-सामने हैं.।



भोजनावकाश के बाद स्थगन के बाद कार्यवाही शुरू होने पर उप सभापति हरिवंश ने सदन में डटे श्री सिंह से बाहर जाने की अपील करते हुये कहा कि नियम के अनुसार उन्हें सदन के बाहर चले जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा आग्रह है कि श्री संजय सिंह सदन से बाहर चले जाएं जिससे सदन की कार्यवाही चल सके। हालांकि संजय सिंह के इसके बावजूद सदन में डटे रहने के कारण हरिवंश ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले भोजनावकाश के बाद कार्यवाही शुरू होने पर भी इसी वजह से कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। मानसून सत्र में लगातार तीसरे दिन कोई कामकाज नहीं हो सका।

इससे पहले सदन की कार्यवाही मणिपुर, महिला सुरक्षा आदि मुद्दों पर 11 बजे,12 बजे और निलंबन पर दो बजे स्थगित की गयी थी। पहले स्थगन के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने संजय सिंह को अनुचित आचरण के कारण सत्र की शेष अवधि के लिए कार्यवाही से निलंबित कर दिया। भोजनावकाश के उपरांत सदन की कार्यवाही शुरु होने पर संजय सिंह सदन में मौजूद थे।

# दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार



### » 3 सालों में विज्ञापन पर 1100 करोड़ खर्च कर सकते हैं तो आरटीजीएस पर क्यों नहीं

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल की फंडिंग में असमर्थता जताते हुए दिल्ली सरकार द्वारा पैसे न दिए जाने पर सरकार को फटकार लगाई है।

सर्वोच्च न्यायालय ने साफतौर पर कहा कि अगर आपके पास बीते 3 सालों में विज्ञापन पर खर्च करने के लिए 1100 करोड़ रुपये हैं तो आपके पास इंफ्रा प्रोजेक्ट को वित्तपोषित करने के लिए भी पैसे होंगे। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह दो महीने में रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) प्रोजेक्ट के लिए 415 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए। जस्टिस एसके कौल और सुधांशु धुलिया ने पाया कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने बीते तीन सालों में विज्ञापन पर 1100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

**केजरीवाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, विज्ञापन पर 1,100 करोड़ खर्च तो इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी पैसा दो**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (24 जुलाई) को दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम में देरी को लेकर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार को दो महीने के अंदर 'रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम' (आरआरटीएस) के लिए 415 करोड़ रुपये देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि जब तीन सालों में सरकार विज्ञापनों पर एक करोड़ रुपये खर्च कर सकती है तो इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी फंड देना चाहिए। कोर्ट आरआरटीएस प्रोजेक्ट को लेकर दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इस दौरान, कोर्ट ने कहा कि जब विज्ञापनों के लिए पिछले 3 सालों में 1,100 करोड़ रुपये आवंटित किए जा सकते हैं तो प्रोजेक्ट के लिए फंड दिया जाना भी मुमकिन है। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच केस की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने आप सरकार को यह भी आदेश दिया कि प्रोजेक्ट की बकाया राशि भी दो महीने के अंदर जमा करें।

सेमी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का काम चल रहा है। इस कॉरिडोर के बनने से दिल्ली और एनसीआर के लोगों के लिए काफी सुविधा हो जाएगी। यह दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ेगा। रैपिडक्स प्रोजेक्ट ने तीन रैपिड रेल कॉरिडोर की योजना बनाई है, आरआरटीएस भी उसी का हिस्सा है।

## सीमा हैदर भारत आई और अब प्यार के लिए अंजू भारत से पाकिस्तान चली गईं

**मुंबई ,24 जुलाई 2023 (ए)।** एक ऐसी घटना सामने आई है जहां पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर अपने प्रेमी सचिन मीना से मिलने के लिए सीधे भारत आ गई। इस मामले में उत्तर प्रदेश एटीएस सीमा हैदर से गहन पूछताछ कर रही है। एक तरफ जहां सीमा हैदर का मामला ताजा है, वहीं जानकारी सामने आ रही है कि भारत से भी एक महिला पाकिस्तान गई है। उत्तर प्रदेश की रहने वाली अंजू फेसबुक मित्र नसरुल्लाह से मिलने के लिए पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत गई है। नसरुल्लाह पहले एक स्कूल शिक्षक थे, लेकिन वर्तमान में एक मेडिकल में काम करते हैं। दोनों ने स्वीकार किया है कि वे एक-दूसरे से सोशल मीडिया के जरिए मिले थे और अंजू ने कहा है कि वह सीमा पार कर खैबर पख्तूनख्वा चली गई थीं।

**सीमा हैदर से पूछताछ जारी है**

इस बीच भारत में यूपी एटीएस सीमा हैदर की गहनता से जांच कर रही है।




सीमा हैदर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से दया की गुहार लगाई है और यह भी मांग की है कि उन्हें अपने चार बच्चों के साथ ग्रेटर नोएडा में अपने साथी सचिन के साथ रहने की अनुमति दी जाए।यूपी एटीएस की जांच में यह भी जानकारी सामने आई है कि सीमा बीमार पड़ गई हैं और उन्हें ग्लूकोज ड्रिप चढ़ाई जा रही है। सीमा ने दावा किया है कि अपने खिलाफ खबरें सुनने के बाद वह बीमार पड़ गई। 'लोग मेरे बारे में गलत बातें क्यों कर रहे हैं? इससे दुख हो रहा है। किसी ने भी मेरे बारे में कभी अच्छा नहीं बोला। मुझे नहीं लगता कि मैं और मेरे चार बच्चे भारत पर बोझ बढ़ाएंगे। सीमा हैदर ने इंटरव्यू में कहा, 'अगर मुझे नागरिकता मिलती है तो मैं एक अच्छी इंसान साबित होऊंगी, धोखा नहीं दूंगी।

ऑनलाइन गेम पबजी खेलने के दौरान सीमा हैदर और सचिन मीना की दोस्ती हो गई। ये दोस्ती प्यार में बदली, फिर बॉर्डर पाकिस्तान से यूएई और वहां से नेपाल तक आ गया। सीमा अपने चार बच्चों के साथ नेपाल से अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई और ग्रेटर नोएडा में सचिन के साथ रहने लगी।

## बारिश के कारण ढही दो मंजिला बिल्डिंग

### कई लोग मलबे में दबे



**जूनागढ़ ,24 जुलाई 2023 (ए)।** गुजरात के जूनागढ़ में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया है। यहां लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते एक बिल्डिंग जमींदोज हो गई। इस बिल्डिंग के मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। बिल्डिंग गिरने से आस-पास के इलाके में सनसनी फैल गई है। लोगों में चीख-पुकार मची है। आनन-फानन में इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन से मलबा हटा कर लोगों का बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, आज दोपहर करीब डेढ़ बजे के बाद दातार रोड पर दो मंजिला इमारत धराशायी हो गई। इमारत के आसपास सड़क होने से चहलपहल थी। घटना की जानकारी मिलने पर प्रशासन, दमकल की टीम पहुंच कर राहत और बचाव कार्य में जुट गई। वहीं, इस हादसे में मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है।



## आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडर घायल

**रांची,24 जुलाई 2023 (ए)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम के कोल्हान वन प्रमंडल में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान हुए आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेट चंद्र प्रताप तिवारी जख्मी हो गए।

घटना के तुरंत बाद उन्हें एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची स्थित एक निजी अस्पताल में लाया गया है। आईईडी विस्फोट सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे कोल्हान वन प्रभाग के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका गांव के पास एक जंगल में हुआ।

पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि घायल असिस्टेंट कमांडेंट का इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। इससे पहले 17 जुलाई को कोल्हान वन प्रभाग के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाथीबुरू और कुइदा के बीच एक कच्ची सड़क पर आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन के एक अधिकारी देवेंद्र कुमार घायल हो गए थे।

नक्सलियों ने पूरे कोल्हान प्रमंडल में कई स्थानों पर आईईडी और विस्फोटक बिछा रखे हैं। पुलिस और सीआरपीएफ ने पिछले छह महीने के दौरान इस इलाके से बड़ी तादाद में आईईडी बरामद भी किए हैं। हालांकि इन अभियानों के विस्फोटों में अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक सीआरपीएफ जवान घायल हो गए हैं और लगभग एक दर्जन ग्रामीण मारे गए हैं।



## ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को झटका

### जारी रहेगा सर्वे; खुदाई करने पर लगाई रोक

**वाराणसी ,24 जुलाई 2023 (ए)।** मुस्लिम पक्ष को झटका देते हुए ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे को लेकर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से इनकार कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने परिसर में किसी तरह की खुदाई पर एक हफ्ते के लिए रोक लगा दी है। सोमवार की सुबह साढ़े 10 बजे जब सुनवाई शुरू हुई तो सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से पूछा कि आप इस मामले को लेकर हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा कि एएसआई किस तरह से काम कर रही है? कहीं कोई डैमेज तो नहीं हो रहा है? सीजीआई ने कहा कि फिलहाल यथास्थिति रहने दीजिए। जब तक हम इसे सुन न लें, कोई खुदाई नहीं करें।जवाब देने के लिए यूपी सरकार को 11.15 बजे का वक्त दिया गया। यूपी सरकार ने इस पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि ज्ञानवापी में कोई खुदाई नहीं की जा रही है। सिर्फ मैपिंग और वीडियोग्राफी की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मुस्लिम पक्ष चाहे तो तो एक हफ्ते में हाईकोर्ट जा सकता है। यूपी के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर का ्रस्ढ्ढ ने आज सुबह 7 बजे से सर्वे शुरू कर दिया है। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। 30 सदस्यों की टीम द्वारा ये सर्वे किया जा रहा है। ्रस्ढ्ढ को सर्वे की रिपोर्ट 4 अगस्त तक सौंपनी है। शनिवार, 22 जुलाई को ही कोर्ट ने परिसर का सर्वे कराने का आदेश दिया था। जिसके तहत काशी विश्वनाथ मंदिर के पास स्थित मां श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में विवादित हिस्से को छोड़कर पूरे ज्ञानवापी परिसर की पुरातात्विक जांच होगी। इस मामले को लेकर मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है और सर्वे पर रोक लगाने की मांग की है।

## एसीपी के सिर पर हुआ खून सवार

### » पत्नी और भतीजे की गोली मारकर हत्या की, खुद को भी किया शूट

**पुणे ,24 जुलाई 2023 (ए)।** यहां बीती देर रात अमरावती के एसीपी भरत गायकवाड़ ने अपनी पत्नी और भतीजे की गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद एसीपी ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। यह वारदात करीब 3.30 बजे घटित हुई। भरत की पत्नी और बच्चे यहां पुणे में ही रहते थे।भरत गायकवाड़ अमरावती शहर के राजापेठ डिविजन के एसीपी थे। हाल ही में उनका सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर से प्रमोशन हुआ था और वे एसीपी बने थे। उनकी पोस्टिंग अमरावती में हुई थी। उन्होंने सुबह रिवॉल्वर से पहले पत्नी मोनी गायकवाड़ को गोली मार दी, जिनकी उम्र 44 साल थी। आवाज सुनकर 35 वर्षीय भतीजा दीपक गायकवाड़ ऊपर कमरे में पहुचे। दीपक को देखते ही उन्होंने उसे भी गोली मार दी। हालांकि, सास और बेटे सुहास गायकवाड़ को दरवाजे से धक्के देकर दरवाजा बंद कर दिया। फिर खुद के सिर में गोली मार ली और उनकी भी मौत हो गई।



## असम राइफल्स ने देशद्रोह का मामला किया दर्ज

**इंफाल ,24 जुलाई 2023 (ए)।** असम राइफल्स ने राज्य के मैतेई समुदाय के नागरिक समाज निकाय, मणिपुर इंटीग्रिटी पर समन्वय समिति (सीओसीओएमआई) के खिलाफ देशद्रोह और मानहानि का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सीओसीओएमआई द्वारा लोगों को हथियार सरेंडर न करने के लिए कहने के बाद, असम राइफल्स ने चुराचांदपुर पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कराई। इंफाल के अधिकारियों के अनुसार, हाल ही में राजद्रोह से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए व धारा 153 ए आईपीसी, धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के माााम में केस दर्ज कराया गया। रिपोर्टों में दावा किया गया है कि 3 मई को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद भीड़ और उपद्रवियों ने विभिन्न पुलिस स्टेशनों और चौकियों से



4,000 से अधिक हथियार और लाखों गोला-बारूद लूट लिए। छापेमारी के दौरान सेना, असम राइफल्स, विभिन्न अन्य केंद्रीय बलों और मणिपुर पुलिस ने अब तक लूटे गए लगभग आधे हथियार और गोला-बारूद बरामद कर लिया है। 29 मई से 1 जून तक चार दिनों के लिए मणिपुर का दौरा करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और मणिपुर पुलिस ने लोगों से कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए लूटे गए हथियार जमा करने की अपील की थी।

शाह को हाल ही में दिए एक ज्ञापन में सीओसीओएमआई, जो मूल रूप से जून में राज्यपाल अनुसुइया उइके की अध्यक्षता में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गठित शांति समिति का हिस्सा था, ने असम राइफल्स के स्थान पर किसी अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को शामिल करने की मांग की थी।विभिन्न नागरिक समाज संगठनों ने आरोप लगाया है कि सेना और असम राइफल्स द्वारा विभिन्न अवसरों पर महिला प्रदर्शनकारियों पर हमला किया गया। हालांकि, रक्षा सूत्रों ने आरोपों से इनकार किया है। सेना और असम राइफल्स ने यह भी दावा किया कि प्रदर्शनकारियों ने कई मौकों पर कर्तव्यों का पालन करने और सशस्त्र उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई करने में बाधाएं पैदा कीं।

## संपादकीय

# कौन बनेगा ईडी का प्रमुख?

यह यक्ष प्रश्न है, जिसका जवाब भी सिर्फ दो लोगों को पता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा अभी किसी को अंदाजा नहीं है कि प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी का प्रमुख कौन बनेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद संजय कुमार मिश्रा का रिटायर होना तय है। वे 31 जुलाई को पद छोड़ेंगे। उससे पहले केंद्र सरकार को ईडी का नाम तय करना है। जब से सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है तब से इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले तो यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि कोई आईआरएस अधिकारी ही ईडी प्रमुख बनेगा या कोई आईपीएस और आईएएस भी बन सकता है? इसके बाद यह कयास लगाया जा रहा है कि क्या किसी रिटायर अधिकारी को भी ईडी बनाया जा सकता है? एक कयास यह भी है कि कोई ईडी नियुक्त होगा या नंबर दो अधिकारी को प्रभार दे दिया जाएगा?
ध्यान रहे संजय मिश्रा से पहले करनैल सिंह काफी समय अतिरिक्त प्रभार में निदेशक रहे थे। राजन कटोच को बीच में हटाए जाने के बाद अगस्त 2015 में करनैल सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था और वे अक्टूबर 2016 तक यानी सवा साल तक अतिरिक्त प्रभार में ईडी चलाते रहे थे। बहरहाल, अब संजय मिश्रा की जगह लेने के लिए तीन आईआरएस अधिकारियों के नाम की चर्चा है। सीबीडीटी के चेयरमैन नितिन गुप्ता, हाल ही में सीबीडीटी के सदस्य बनाए गए प्रवीण कुमार और कुछ समय पहले तक फाइनेंशियल इंटेलीजेंस यूनिट के प्रमुख रहे पंकज मिश्रा का नाम चर्चा में है। इनके अलावा ईडी में रह चुके सीमांचल दास के नाम की भी चर्चा है और एक महिला अधिकारी का नाम भी लिया जा रहा है। सरकार के बहुत करीब रहे एक रिटायर आईपीएस अधिकारी के नाम की भी ईडी निदेशक पद के लिए चर्चा है।

## जादू की झप्पी

### सकारात्मक उर्जा का प्रमाण है

स्पर्श की भी एक भाषा होती है, स्पर्श से इंसान की नीयत का भी पता चल जाता है। कभी-कभी किसी अपने की छुअन काँटों सी कंटीली होती है, तो कभी-कभी कोई पराया हाथ पर अपना हाथ रखकर हर दर्द से निजात दे जाता है।
हमारे प्राचीन ग्रंथों में प्राकृतिक उपचार के रूप में सूर्य चिकित्सा, मंत्र चिकित्सा, अग्नि चिकित्सा, वायु चिकित्सा, जल चिकित्सा के साथ-साथ स्पर्श चिकित्सा का भी उल्लेख किया गया है।
आलिंगन संसार की सर्वोत्तम चिकित्सा पद्धति है, बरसती आँखों का सबसे बड़ा ढ़ाढस है गले लगाना। स्पर्श से बेहतरीन प्रेम और परवाह का कोई अनुवाद नहीं। जादू की झप्पी सकारात्मक उर्जा का सबसे बड़ा प्रमाण है। बेहद निराशा की परिस्थिति में कोई हमें गले लगाकर कहे कि, चिंता मत कर सब ठीक हो जाएगा, वो क्रिया अवसाद ग्रस्त व्यक्ति में सकारात्मक उर्जा भर देती है।
अवसाद के आलम में हाथ पर हाथ रखकर कोई मैं हूँ न कहते अहसास में अपनेपन की नमी घोलकर छूता है, तब रोम-रोम खिल उठता है। ज़िंदगी की हर जंग जीतने के लिए मनोबल द्रढ़ होता है। शब्दों की जरूरत नहीं होती, मौन स्पर्श सबकुछ कह देता है।
और माँ की ममता, पिता की परवाह स्पर्श की एक सुंदर परिभाषा का सबसे बड़ा प्रमाण है बिन छुए भी माँ के अहसास कोख में पल रहे बच्चे को रक्षता है। और पिता का स्नेहिल हाथ सर पर फिरता है तब एक महफ़ूज़ छत सा महसूस होता है।
स्पर्श में भी एक मनचाहा स्पर्श होता है छूता है जब आशिक आँखों से प्रिया के
उर को अंग-अंग से इश्क का आबशार बरसने लगता है। खून की रवानी में झनझनाहट दौड़ने लगती है। चाहत की सुराही से नशीली नज़ाकत बरसने लगती है और लब पर लब के स्पर्श से शाश्वत सुख की चरम छंटती है।
दोस्तों की गालियों में एक अपनत्व का स्पर्श छिपा होता है। जब एक दोस्त दूसरे को कहता है, कमीना बस इतनी सी बात अरे डरता क्यूँ है हम है ना, तब दूसरे दोस्त के चेहरे पर गुरुर छा जाता है। दोस्ती से बड़ा कोई रिश्ता नहीं।
भारतीय संस्कृति में चरणस्पर्श सम्मान और आदर प्रकट करने का सर्वकालिक और सर्वमान्य तरीका है। यह हृदय के सम्मान और श्रद्धा को बखूबी जाहिर कर देता है। थोड़ा झुक कर चरण स्पर्श करने से बड़े बुज़ुर्गो के अमूल्य आशिर्वाद पा सकते है ।
कुछ ज़हरीली और कंटीली अनमनी सी कातिल छुअन बरसती है जब अधम इंसान के हाथों से, तब तार-तार एक मासूम होती है। दबोचता है कोई अपना ही जब प्यार जताते हवस की आग आँखों में भरे, तब किसी बालिका का तन शोलों सा जल जाता है। जी हाँ कभी-कभी घर में भी इसी तरह की बैड टच का शिकार होती है बेटियाँ। प्यार जताने के सलीके से बच्चियों को वाकिफ़ करना बहुत जरूरी होता है।
बहन के माथे को छूता है जब भाई के लब का सुहाना स्पर्श तब कायनात भी झूम उठती है। अपनी बहन को परवाह की परवाज़ में लेते आशीष की बारिश करते भाई रक्षा का वचन देता है। और दुनिया का सबसे सुंदर स्पर्श जब पत्नि की हथेलियों पर अपना मजबूत हाथ रखकर पति आँखों के इशारे से कहता है ÷मैं हूँ ना÷ उस स्पर्श से अहम स्पर्श एक स्त्री के लिए और कोई नहीं होता। अपना पूरा अस्तित्व उस स्पर्श के हाथों सौंप कर निश्चिंत सी पूरी ज़िंदगी बिता देती है।
पर हाँ हर स्पर्श सहज और सही नहीं होता ये अपनी दस बारह साल की बच्चियों को समझाने का वक्त आ गया है। नारियों संकोच को त्यागकर बेटी को पास बिठाकर हर छुअन का ज्ञान दो। बहुत सी विपदाओं का सामना करने में सक्षम बनाओ। समझाओ सही स्पर्श की परिभाषा और बेटी को रक्ष लो।



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलोर

# दुनिया देख रही है तो चर्चा भी कर रही है

मणिपुर में जो हो रहा है उसे चाहे कितना भी छिपाने की कोशिश की जाए, दुनिया उसे देख रही है और उस पर चर्चा भी कर रही है। राज्य में तीन मई को जातीय हिंसा शुरू हुई थी और उसी दिन से इंटरनेट बंद है। इसके बावजूद हिंसा की भयावह तस्वीरें दुनिया तक पहुंची हैं। पिछले हफ्ते 'गपशप' कॉलम में एपी की फोटो की लिंक दी गई थी, जिसमें मणिपुर की दिल दहला देने वाली और चिंता में डालने वाली तस्वीरें थीं। ये तस्वीरें सारी दुनिया ने देखीं। उसी तरह मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके सड़क पर घुमाने और उनके साथ यौन हिंसा किए जाने का वीडियो भी सारी दुनिया ने देख लिया। इसे कितना भी छिपाने या दबाने की कोशिश की गई वह सामने आ गया।
सोचें, यह कितनी बचकानी बात है कि सरकार यह सोचती है कि आज के जमाने में इंटरनेट बंद कर देंगे तो सच छिप जाएगा? आज के सेटेलाइट के जमाने में इस तरह की बात सोचना भी बेवकूफी है। दुनिया के किसी भी हिस्से में कुछ भी हो रहा होता है तो उसे पूरी दुनिया देख और जान सकती है। हर छोटी बड़ी बात की खबर और वीडियो लोगों तक पहुंच रहे हैं। मिसाल के तौर पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ बगावत करने वाले वैगनर समूह के सर्गेई प्रिगोजिन का मामला हैं। उसकी एक एक मूवमेंट को दुनिया ने देखा। अभी वह कहां है और कहां पर बेलारूस की सेना के साथ साझा सैन्य अभ्यास कर रहा है, इसकी सारी वीडियो सामने आ रही है। हो सकता है कि उसने इसे छिपाने की कोशिश नहीं की लेकिन हकीकत यह है कि छिपाने की कोशिश भी कामयाब नहीं होने वाली है। सूचना तकनीक के मौजूदा दौर पर थोड़े समय तक तो किसी खबर को दबाया या छिपाया जा सकता है लेकिन उसे हमेशा के लिए लोगों तक पहुंचने से नहीं रोक सकते। सो, मणिपुर में जो कुछ हो रहा है उसका सच लोगों के सामने आ चुका है।



इसी तरह संसद में किस नियम के तहत बहस हो, कैसे बहस हो और उसमें सिर्फ मणिपुर की बात कही जाए या विपक्षी पार्टियों के शासन वाले राज्यों में हुई हिंसा का भी जिक्र करके विपक्ष को बैकफुट पर लाया जाए, इसके बीच दुनिया भर में इस पर चर्चा भी हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस दिन फ्रांस के दौरे पर गई उसी दिन यूरोपीय संघ की संसद ने मणिपुर पर चर्चा किया और एक प्रस्ताव स्वीकार किया। यूरोपीय संघ की संसद में मणिपुर में हो रही जातीय हिंसा की आलोचना की गई और भाजपा और उसके समर्थकों द्वारा भड़काऊ भाषणों की भी आलोचना की गई। भारत ने इसका विरोध किया लेकिन उसके विरोध को दरकिनार कर यूरोपीय संसद में प्रस्ताव पेश हआ, उस पर चर्चा हुई और उसे स्वीकार किया गया।
भाजपा किस तरह से ट्रैक लूज कर रही है इसकी एक मिसाल तब भी दिखी, जब यूरोपीय संघ में प्रस्ताव मंजूर होने के बाद भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख ने ट्विट करके कहा कि राहुल गांधी ने ब्रिटेन में और फिर अमेरिका में विदेशी ताकतों को भारत के आंतरिक घटनाक्रम में दखल देने का अनुरोध किया था और उसके बाद यूरोपीय संघ ने यह प्रस्ताव पास किया। इसका क्या मतलब निकालें? क्या राहुल गांधी इतने शक्तिशाली हैं कि दुनिया के देश विश्वगुरू भारत सरकार से ज्यादा बात उनकी मानते हैं? क्या अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर में वे प्रधानमंत्री से ज्यादा मजबूत हैं? फिर ऐसा कैसे हो सकता है कि भारत सरकार विरोध करे और राहुल गांधी यूरोपीय संघ से प्रस्ताव पास करवा लें? लेकिन भाजपा ने यूरोपीय संघ में मणिपुर पर प्रस्ताव पास होने के बाद यह बात कही थी।

**हरिशंकर व्यास**

# क्या भारत 2025 तक हो पाएगा टीबी से मुक्त?

पूरी दुनिया में अनेक बीमारियां चुनौती बनी हुई हैं। तमाम देश इन बीमारियों के खात्मे के लिए प्रयासरत्त हैं लेकिन विभिन्न कारणों से इन पर काबू पाना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसी बीमारियों में मानव इतिहास की सबसे पुरानी बीमारी कही जाने वाली तपेदिक यानी टीबी भी है। हालांकि टीबी का इलाज उपलब्ध है, फिर भी दुनिया में अन्य सभी संक्रामक बीमारियों की तुलना में टीबी से सर्वाधिक मौतें होती हैं। महामारियों का समाधान ढूंढने पर केन्द्रित संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने हाल में जो चेतावनी जारी की है, उसने टीबी को लेकर सबकी चिंताओं को बढ़ा दिया है।
एजेंसी ने चेताया है कि टीबी संक्रमितों के सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों का पता लगाने और रोग की रोकथाम के लिए उपायों को लागू करने में विफलता वर्ष 2035 तक करीब दस लाख मौतों का कारण बन सकती है। यह चेतावनी इसलिए डर पैदा करती है क्योंकि विश्व की लगभग एक चौथाई आबादी टीबी से संक्रमित है और उनमें सक्रिय बीमारी विकसित होने का जोखिम है, जो गम्भीर रूप धारण कर सकती है। खासकर, भारत जैसे देशों के संदर्भ में, जहां टीबी की जड़ें बहुत पुरानी और गहरी हैं। हमारे देश में टीबी उन्मूलन लंबे समय से चुनौती बना हुआ है। देश में सरकारों ने इसके लिए व्यापक कदम उठाए हैं पर इस जानलेवा बीमारी के बारे में आज भी जरूरी जागरूकता का अभाव, संक्रमण से बचने के तौर-तरीकों की जानकारी न होने और रोगियों के समुचित इलाज के प्रति समुदाय में व्याप्त भ्रांतियां, लापरवाही और अंध विश्वास टीबी उन्मूलन में बाधा बना हुआ है।
ट्यूबरक्लोसिस बैक्टीरिया के ड्रॉपलेट इन्फेक्शन के कारण फैलने वाली इस बीमारी से प्रति वर्ष लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। टीबी संक्रमितों और इससे मरने वालों की संख्या भारत में भी काफी ज्यादा है। सरकार ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत देश में वर्ष 2025 तक टीबी को खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
सरकारी आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले आठ वर्षों में टीबी रोगियों की संख्या में 13 फीसदी कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का दावा है कि भारत ने अन्य देशों के मुकाबले टीबी उन्मूलन की दिशा में अच्छा प्रदर्शन किया है। वर्ष 2015 में जहां एक लाख की आबादी पर 256 लोग टीबी के शिकार थे, वहीं 2021 में यह संख्या 210 रह गई है। आकड़ों को देखें तो वर्ष 2015 से 2021 के मध्य टीबी रोगियों की तादाद 18 फीसदी घटी है। देश में टीबी के नए मामलों में कमी हुई है पर इससे होने वाली मौतों का आंकड़ा बढ़ा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2020 में प्रति एक लाख आबादी पर 15 टीबी रोगियों की मौत हुई तो वर्ष 2022 में मौतों का यह आंकड़ा 23 पर पहुंच गया है।
टीबी का खात्मा हो, इसके लिए हमारी सरकार निश्चय ही गंभीर है। विश्व में टीबी के खात्मे का समय 2030 निर्धारित किया गया है लेकिन मोदी सरकार ने 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य तय किया है। इस पर सरकार हर साल 17 लाख करोड़ रुपये व्यय कर रही है लेकिन हर साल साढ़े चार लाख लोगों की टीबी से मौत होना स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। टीबी का एक रोगी पन्द्रह लोगों को संक्रमित कर सकता है। ऐसे यहां यह सवाल उठता है कि क्या देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य अर्जित किया जा सकेगा? यह सवाल इसलिए बड़ा है क्योंकि लक्ष्य को हासिल करने के लिए ज्यादा समय नहीं बचा है। पहले के मुकाबले भारत में टीबी के नए मामलों की संख्या भले ही कम हो लेकिन वैश्विक स्तर पर टीबी के कुल मामलों में भारत का हिस्सा ज्यादा है। चिंता का बड़ा कारण भी यही है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की ताजा चेतावनी के कारण यह चिंता और बढ़ जाती है। जैसा कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने जोर दिया है, इस चुनौती के मुकाबले के लिए व्यापक रणनीति को लागू करना ही होगा। इसके तहत घर-परिवारों में संक्रमितों के सम्पर्क में आए व्यक्तियों की पहचान करना और टीबी की रोकथाम के लिए उपचार प्रदान करना सबसे अहम काम होना चाहिए। एजेंसी का मानना है कि इन उपायों के जरिए टीबी रोगियों और एचआईवी के साथ रह रहे लोगों के सम्पर्क में आने से परिवार के सदस्यों की होने वाली मौतों में आगामी12 वर्षों में 35 प्रतिशत तक की कमी लाई जा सकती है।
संयुक्त राष्ट्र एजेंसी, अमेरिका के जॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालय और ऑरम इंस्टीट्यूट के एक संयुक्त अध्ययन के मुताबिक इस रणनीति को अपनाकर वर्ष 2035 तक साढ़े आठ लाख जिंदगियों की रक्षा की जा सकती है। और अगर इस उपाय को लागू करने में विफल रहते हैं तो 2035 तक लगभग दस लाख लोगों की मौत होने का अंदेशा है।
ये नतीजे विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिशों के अनुरूप है, जिसके मुताबिक टीबी की रोकथाम के लिए उन लोगों को उपचार उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिनमें संक्रमण का जोखिम सर्वाधिक है। इनमें एचआईवी के साथ जी रहे लोग और टीबी से संक्रमित व्यक्तियों के सम्पर्क में आए उनके परिवार के सदस्य हैं। विश्व में हर साल एक करोड़ से अधिक नए संक्रमण के मामलों में इनकी एक बड़ी संख्या है।
टीबी के खात्मे के लिए व्यापक स्तर पर काम करने की जरूरत है। एक ओर जहां टीबी मुक्त भारत के लिए जन आंदोलन के रूप में काम करना होगा, वहीं संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की ताजा चिंताओं पर ध्यान देते हुए रणनीति भी बनानी होगी। टीबी संक्रमितों के सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों का पता लगाने और रोग की रोकथाम के लिए उपायों को लागू करने में सफलता को सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रभावी प्रयास करने होंगे, अन्यथा न केवल विश्व में टीबी उन्मूलन के प्रयासों को धक्का लगेगा, बल्कि भारत को टीबी मुक्त करने के सपने के पूरा होने पर भी प्रश्नचिन्ह लग जाएगा।



**अमरपाल सिंह वर्मा**
जयपुर,राजस्थान

# आधुनिकता की दौड़ में विस्मृत होती सनातनी परंपराएं

वर्तमान में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैं विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।
भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में अतिथि देवो भव और वसुधैव कुटुंबकम वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।
पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है क्योंकि इसमें सूक्ष्म जांच पड़ताल कर वस्तु स्थिति का सही मूल्यांकन अपनाकर एक सामान्य सिद्धांत एवं नियम बनाया जाता है। जिससे भविष्य की बातों को जानकर जीवन को और अच्छा तथा बेहतर बनाने में मदद मिल सके।
वैसे पाश्चात्य संस्कृति में बहुत सी अहितकर बातें भी हैं, जैसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना कमतर होते जा रही है। संयुक्त परिवार की प्रणाली का विघटन होते जा रहा है। पारिवारिक वातावरण संघर्ष तथा तनावपूर्ण होते जा रहा हैं। पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर लोग परिवार से अलग होकर स्वतंत्र जीवन यापन करना पसंद करते हैं। उनमे विवाह विच्छेद और अन्य विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। धर्म तथा आध्यात्मिक के प्रति आमजन की सूची धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऐसो आराम के सामान खरीदने के कारण लोगों के खर्चे अनाप-शनाप बढ़ चुके हैं। बुजुर्गो की इज्जत तवज्जो होनी कम हो गई है। दादा और नाती के संबंधों में अब वह गर्माहट शेष नहीं रह गई है, जैसी की एक सांस्कृतिक तथा नैतिक परिवार जनों में हुआ करती थी। धीरे-धीरे परिवार के सदस्य अलग होकर अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति भूलती जा रही है। प्रेम विवाह तथा अंतर जाति विवाह पाश्चात्य सभ्यता के कारण बहुत बढ़ गए हैं। जिससे वैवाहिक संबंध टूटने के कगार पर आ जाते हैं। पर दूसरी तरफ पाश्चात्य सोच के कारण स्त्री सशक्तिकरण को बढ़ावा भी मिला है महिलाएं जहां पहले अपने घरों में कैद थी अब उन्मुक्त होकर शिक्षित होकर समाज में सफल होकर पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाकर बड़े-बड़े पदों में कार्य कर रही हैं। समाज में खुलापन भी आ गया है।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़

## प्यारा चाँद

सूरज डूब गया है चंदा
जल्दी बाहर आओ न।
कितने सुंदर दिखते हो,
मुझको यूं तरसाओ न।।
रोज़ नहाऊं रगड़-रगड़ कर,
तुम सा मैं हो पाऊं न।
कैसे घटते-बढ़ते रहते,
मुझको ये बतलाओ न।।
संग-साथ सितारे लाते,
पर दिन में तुम छिप जाते।
सूरज से होते हो रोशन,
सब अंधकार मिटाओ न।।
रात है देखो काली कितनी,
अब चांदनी फैलाओ न।।
कभी थे आधे, आज हो पूरे,
इसका राज़ बताओ न।।
चुप-चुप क्यों बैठे हो आज,
मीठी लोरी गाओ न।।
तुम तो लगते सबको प्यारे,
मुझको दोस्त बनाओ न।।



**आसिया फारूकी**
फतेहपुर
उत्तरप्रदेश

## हर-हर महादेव

आदिपुरुष तुम,पूरणकर्ता,
शिव,शंकर,महादेव।
नंदीश्वर तुम,एकलिंग तुम,
हो देवों के देव ।।
तुम फलदायी,सबके स्वामी,
तुम हो दयानिधान।
जीवन महके हर पल मेरा,
दो ऐसा वरदान।।
कष्ट निवारण सबके करते,
तुम हो श्री गौरीश।
देते हो भक्तों को हरदम,
तुम तो नित आशीष।।
कार्तिकेय,गजानन आये,
बनकर पुत्र तुम्हारे।
संतों,देवों ने सुख पाया,
भक्त करें जयकारे।।
तुम हो स्वामी,अंतर्यामी,
केशों में है गंगा।
ध्यान धरा जिसने भी स्वामी,
उसका मन हो चंगा।।
तुम अविनाशी,काम के हंता,
हर संकट हर लेव।
भोलेबाबा,करूं वंदना,
हे देवों के देव ।।
तुम त्रिपुरारी, जगकल्याणक,
महिमा का है वंदन।
बार बार करते हम सारे,
औघड़दानी वंदन।।
पर्वत कैलाशी में डेरा,
भूत प्रेत सँग रहते।
सुरसरि की पावन जलधारा,
आप लटों से बहती।।
उमासंग तुम हर पल शोभित,
अर्द्धनारीश कहाते।
हो फक्खड़ तुम,भूत-प्रेत सँग,
नित शुभकर्म रचाते।।
परम संत तुम,ज्ञानी,तपसी,
नाव पार कर देव ।
महाप्रलय ना लाना स्वामी,
हे देवों के देव ।।



**प्रो (डॉ) शरद नारायण खरे**
मंडला,
मध्यप्रदेश

## यह एक जीवन है

और शब्द नहीं अब कोई चिंता नहीं
मौन के लिए नहीं...मैं मौन चाहता हूँ
मेरे और आपके बारे में इसके साथ
क्या हुआ आपके बारे में जब तक
बात नहीं होगी
इसलिए मुझे चाहिए चिंता न करें
इसके बारे में और कोई शब्द नहीं
आप नाराज़ हो गई क्या?
मुझे उस संबंध में क्षमा कर दो...
अब मेरा अधिक प्रश्न
क्या आपके लिए है
मैं नहीं मांगता....
मेरे शब्दों के बारे में
के बारे में मैं तुमसे प्यार करता हूँ
अंतर्मन की शांति ...
यही तो मैं अपने साथ
अच्छा कर रहा हूं
आपके बारे में गलत?
तो मेरे द्वारा क्या
किया जा सकता है?
मेरे लिए और आपके लिए?



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**

# रिश्ते के लिए अमेरिका फड़फड़ा रहा या चीन?

अमेरिका के मंत्री, कूटनीतिज्ञ एक के बाद एक लाइन लगाकर चीन जा रहे हैं। सबसे पहले विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन गए। उनके पीछे वित्त मंत्री जैनेट येलेन गई। फिर राष्ट्रपति बाईडन के जलवायु मामलों के विशेष दूत जान कैरी भी बीजिंग पहुंचे।
सभी का मकसद रिश्तों में आई खटास को कम करना था। परंतु इन सबसे जितना शोर हुआ उससे कहीं अधिक शोर सौ साल की उम्र के पूर्व विदेश मंत्री हैनरी किसिंजर की चीन यात्रा से है। एक वजह यह है कि चीन में किसिंजर का स्वागत अमेरिकी प्रशासन के आला मंत्रियों से ज्यादा गर्मजोशी से हुआ। बाकियों के स्वागत में गर्मजोशी नाम के लिए भी नहीं थी लेकिन चीन के विदेश मंत्रालय ने न केवल बयान जारी कर दोनों देशों के रिश्तों में हैनरी किसिंजर के योगदान को याद किया बल्कि उनकी जम कर तारीफ भी की। चीन ने कहा "चीन के प्रति अमरीका की नीति को किसिंजर की कूटनीतिक बुद्धिमत्ता और निक्सन के राजनैतिक साहस की जरूरत है।÷
किसिंजर मंगलवार को चीन के विदेश मंत्री ली शांगफू से मिले। यह मुलाकात भी चीन द्वारा किसिंजर को दिए जा रहे सम्मान और महत्व की सूचक थी। पिछले ही महीने चीन ने सिंगापुर में एक फोरम की बैठक के दौरान अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन के ली से मुलाकात के अनुरोध को नामजूंर किया था। चीन का कहना थधा कि अमरीका ने जब ली पर प्रतिबंध लगा रखे हैं तो वे क्यों मिले!
किसिंजर अपनी मर्जी से चीन गए हैं। वे अमरीकी सरकार के प्रतिनिधि नहीं हैं ङ्क कम से आधिकारिक तौर पर तो नहीं ङ्क और यह भी एक वजह है कि उनका चीन ने शानदार स्वागत किया। अभी यह साफ नहीं है कि वे राष्ट्रपति शी जिंनपिंग से मिलेंगे या नहीं। चीन की सरकारी न्यूज एजेन्सी शिन्हुआ के अनुसार, शी जिनपिंग और किसिंजर की आखिरी मुलाकात बीजिंग में 2019 में हुई थी। उस समय शी ने किसिंजर को शुभकामनाएं देते हुए कहा था कि "वे आने वाले कई सालों तक स्वस्थ रहें और चीन और अमरीका के रिश्तों को बेहतर बनाने में अपना योगदान देते रहें÷। अमेरिका और चीन इस समय एक-दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। ऐसे समय में किसिंजर की चीन यात्रा के कई निहितार्थ हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से यह एक प्रतीकात्मक पहल है। चीन चाहता है कि अमेरिका उसे अपने बराबर की ताकत के रूप में स्वीकार करे। अमरीका को यह मंजूर नहीं है। किसिंजर और ली की मुलाकात से चीन ने अमेरिका को संदेश भेजा है कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच सीधा संवाद तब तक नहीं होगा जब तक अमेरिका चीन पर से प्रतिबंध नहीं हटा लेता। अपनी पिछली चीन यात्रा के दौरान ब्लिंकन ने बीजिंग से अनुरोध किया था कि संवाद के चैनल को खोला जाए परंतु चीन ने उस बात को खारिज किया।
किसिंजर और ली की मुलाकात के बारे में चीन के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है-÷अमेरिका के कुछ लोगों की इस बात के लिए आलोचना की गई है कि वे चीन की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाने के लिए आधा रास्ता चलकर आने को तैयार नहीं हैं÷।बयान में यह भी कहा गया है कि मित्रवत संवाद के लिए जरूरी वातावरण समाप्त हो गया है। सवाल है रिश्ते ठिक करने के लिए चीन फडफड़ा रहा है या अमेरिका? ध्यान रहे बीजिंग जाने की शुरूआत ब्लिंकन से हुई थी और उसके लिए चीन की संवाद शुरू करने की पहल थी। तो उसके तमाम पहल अमेरिका की और से है या चीन की तरफ से? सबसे बड़ी बात यूक्रेन मामले में रूस-चीन चीन की साझेदारी की हकीकत में अमेरिका और योरोप कैसे और कितनी पहले कर सकता है?

**श्रुति व्यास**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

C M Y K

# बांकी डेम सूखने के कगार पर,निगम क्षेत्र में पानी की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित

## नगर निगम द्वारा समय रहते नहीं की गई कोई वैकल्पिक व्यवस्था से लोगों में पानी को लेकर हाहाकार

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 24 जुलाई 2023
(घटती घटना)

बारिश नहीं होने के कारण सावन महीने में शहर के लिए लाइफलाइन माने जाने वाले बांक जलासाय सूखने के कगार पर है। पहली बार बांकी नदी का पानी सूखने से शहर में पानी की सप्लाई नगर निगम द्वारा रोक दिया गया है। नगर निगम द्वारा जहां वार्डों में 24 घंटे पानी देने का वादा किया गया था पर निगम पानी की सप्लाई मात्र एक टाइम ही कर रही है। ऐसी स्थिति निगम की लापरवाही से सामने आई है। निगम समय रहते कई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किया गया। इसकी खामियाजा वार्डवासियों को भुगतना पड़ रहा है। आज कई वार्डों पीने तक का पानी नहीं मिल पाया हुई। जिन वार्डों में पानी नहीं मिलने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है की पानी नहीं मिलने से कई घरों में खाना तक नहीं बन पाई है। वहीं कुछ विशेष पार्षदों के वार्ड में टैंकर से पानी की सप्लाई की गई। वही स्थिति गंभीर होने पर नगर निगम और जिला प्रशासन की नींद खुली है। पानी की




किल्लत सामने आने के बाद नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा बाकी डैम की जेसीबी व अन्य उपकरणों से साफ सफाई की जा रही है ताकि कुछ दिनों तक पानी की सप्लाई हो सके। वही अब सबकी निगाहें इंद्र देवता पर टिकी हुई है। अगर बारिश नहीं होती है तो शहर में भीषण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। क्योंकि शहर के अधिकांश घरों में निजी बोर नहीं है। लोग नगर निगम द्वारा दी जा रही पानी की सप्लाई पर ही निर्भर है।

लगातार पिछले 2 सालों से औसतन से हुई कम बारिश के कारण बांकी डेम सूखने के कगार पर है। शहर व ग्रामीण इलाकों का लाइफ लाइन कहे जाने वाला बांकी डेम पहली बार सूखने से जल संकट उत्पन्न हो गई है। डैम में काफी कम पानी बचा हुआ है। जबकि डेम में पानी की क्षमता 17 मिलियन घन मीटर है। जून और जुलाई महीने मैं सरगुजा में औसतन से अब तक कम बारिश हुई है। बारिश नहीं होने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के जलाशयों सूखी हुई है। बारिश नहीं होने से कारण बाकी डैम लगभग सूख चुकी है। पहली बार बाकी डैम सूखने के कारण शहर में पानी की सप्लाई नगर निगम द्वारा रोक दिया गया है। नगर निगम मात्र एक टाइम पानी की सप्लाई कर पा रही है। वह भी कई क्षेत्रों में बिल्कुल ही पानी की सप्लाई नहीं होने से हाहाकार मचा हुआ है। बांकी डेम से ही शहर के 48 वार्डों में पानी की सप्लाई होती है। बाकी डेम का पानी सूख जाने से पानी की सप्लाई प्रभावित हो चुका है। लोगों का मानना है कि अगर एक-दो दिनों में अच्छी बारिश नहीं होती है तो पानी की कमी और बढ़ जाएगी। भी घट चुकी है।

### बांकी डेम में काम शुरू

बांकी डेम में पानी का स्तर धीरे-धीरे अप्रैल महीने से ही शुरू हो चुका है। पानी का स्तर कम होने से निगम क्षेत्र में पानी की सप्लाई पिछले एक डेढ़ माह से हो रही है। इसके बावजूद भी नगर निगम द्वारा इस ओर कोई पहल नहीं की गई है। पानी की सप्लाई जब पूरी तरह से प्रभावित होना शुरू हो गया तो निगम अब एक टाइम पानी की सप्लाई करने का निर्णय लिया है। इससे वार्डवासियों में पानी को लेकर हाहाकार है। लोगों को प्रयाप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं स्थिति को गंभीर देखते हुए उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बांकी डेम का निरीक्षण रविवार को किया। उन्होंने निगम व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के बाद सोमवार को बांकी जलाशय के नहर के फाटक में जमे सिल्ट को हटाने का कामर्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### मात्र एक टाइम पानी की हो पा रही है सप्लाई

बांकी डेम से ही अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र के 48 वार्डों में पानी की सप्लाई की जाती है। वर्तमान में अमृत मिशन के तहत घुनघुट्टा जल आवर्धन योजना के तहत कई क्षेत्रों में पानी सप्लाई हो रही है। लेकिन अभी भी शहर की 16 टंकियों में सप्लाई के लिए तकिया फिल्टर प्लांट में पानी बांकी डेम से ही दिया जाता है। बाकी डेम के सूख जाने से निगम के कई इलाकों में मात्र एक टाइम पानी की सप्लाई की जा रही है वह भी काफी कम ही मात्रा में पानी की सप्लाई हो पा रही है। आवश्यकता के अनुसार पानी नहीं मिलने से परेशानी बढ़ चुकी है।

### डेम में मात्र 35 प्रतिशत ही भर पाया था पानी

ईई थर्मल पावर अनिल खलखो ने बताया कि सरगुजा जिले के लुण्ड्रा क्षेत्र में पिछले साल कम बारिश होने के कारण बांकी डेम 35 प्रतिशत ही भर पाया था। जबकि बांकी डेम में पानी की क्षमता 17 मिलियन घन मीटर है। वहीं इस वर्ष भी भीषण गर्मी और जून जुलाई महीने में बारिश नहीं होने से बांकी का जल स्तर काफी कम हो चुका है।

# युवक ने अपने नाबालिग भाई के साथ मिलकर सौतेले पिता को उतारा मौत के घाट



-संवाददाता-
अंबिकापुर, 24 जुलाई 2023
(घटती घटना)

मामूली विवाद पर एक युवक ने अपने नाबालिग भाई के साथ मिलकर सौतेले पिता पर टांगी व फावड़ा से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार कल्लू बखला उम्र 50 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कांतिप्रकाशपुर का रहने वाला था। इसकी पत्नी की मौत पूर्व में हो गई थी। इसके बाद वह अपने बच्चों से अलग एक अन्य महिला को पत्नी बनाकर रखा था। इस महिला के तीन बच्चे हैं। इसकी दूसरी पत्नी कहीं मेहमानी में बाहर गई है। इधर रविवार की रात को सोमवार की अहले सुबह किसी बात को लेकर कल्लू और उसके सौतेले दो बेटों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया सौतेले बेटों ने टांगी व फावड़ा से वार कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। जांच में जुटी कोतवाली पुलिस ने घटना के कुछ देर बाद ही दोनों भाइयों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी विकाश उर्फ नन्नू बखला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि इसका दूसरा भाई नाबालिग है। जिसे बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गुजरात के पुलिसकर्मियों को सरगुजा का कराया गया भ्रमण

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 24 जुलाई 2023
(घटती घटना)




राज्यों के पुलिस बलों के बीच संस्कृति के आदान प्रदान के उद्देश्य से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत गुजरात राज्य को छत्तीसगढ़ राज्य के साथ एक जोड़ी राज्य के रूप में तय किया गया है। इसी क्रम में गुजरात राज्य और छत्तीसगढ़ राज्य के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित कर छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न शहरों, जिलों से पुलिस बल के सदस्यों को 15 दिनों के लिए गुजरात राज्य एवं गुजरात राज्य के विभिन्न शहरों, जिलों के पुलिसकार्मियों को छत्तीसगढ़ राज्य का भ्रमण कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस प्रकार से दोनों राज्यों के पुलिसकर्मी एक दूसरे के राज्यों की सांस्कृतिक संस्कृति एवं पुलिस बल की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर संस्कृति का आदान प्रदान करेंगे एवं एक दूसरे के राज्यों की पुलिस कार्रवाई को देखेंगे और सीखेंगे। उक्त कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। तय समय के अनुसार विभिन्न जिलों, शहरों के थानों, पुलिस कार्यालयों एवं प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कराया जायगा। जिससे एक राज्य के पुलिसकर्मी अन्य राज्य के सांस्कृतिक महत्त्व एवं कार्यशैली से अवगत हो सके। इसी क्रम में 21 जुलाई को गुजरात राज्य से 15 महिला पुलिस कर्मियों का दल सरगुजा पहुंची। आगे के तय कार्यक्रम के अनुसार गुजरात राज्य से आए पुलिसकर्मियों को थाना कोतवाली, थाना गांधीनगर, महिला थाना, अजाक थाना यातायात शाखा, पुलिस कैंटीन, ताईकांडो क्लब, कंट्रोल रूम, साइबर सेल का भ्रमण कराया गया। 22 जुलाई को पुलिस दल को केंद्रीय जेल, दरिमा हवाई पट्टी, घुनघुट्टा डैम, ठिनठिनी पत्थर, ऑक्सीजन पार्क का भ्रमण कराया गया। 23 जुलाई को सरगुजा जिले का मुख्य पर्यटन स्थल मैनपाट, मैनपाट पीटीएस, कमलेश्वरपुर थाना, दलदली, टाइगर पॉइंट समेत अन्य पर्यटन केंद्र का भी भ्रमण कराया गया। 24 जुलाई को पुलिस दल को आईजी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं कलेक्टोरेट कार्यालय सहित परिसर के विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कराया गया है। इसी प्रकार सरगुजा जिले के 15 पुलिसकर्मी 21 जुलाई को गुजरात राज्य पहुंच चुके हैं। जिन्हे अहमदाबाद पुलिस कंट्रोल रूम, पुलिस कमिश्नर ऑफिस, जैन मंदिर, शाही बाग़, अहमदाबाद थाना एवं महिला थाना पूर्व, साइबर पुलिस स्टेशन, साइबर फोरेनसिक लैब सहित अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कराया गया है। इसी प्रकार दोनों राज्यों के पुलिस बलों के 15 दिवसीय भ्रमण में विभिन्न कार्यक्रम रखे गए हैं। आगे जिला मुख्यालय सहित रेंज के सभी प्रमुख धार्मिक एवं संस्कृतिक एवं पुलिसिंग कार्यप्रणाली से सम्बंधित आवश्यक स्थानों का



## एक्शन मोड़ में दिखे उपमुख्यमंत्री, जनचौपाल में आई समस्याओं का निराकरण किया शुरू

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 24 जुलाई 2023 (घटती घटना)

उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एक्शन मोड़ में हैं। उनके कड़े तेवर से जनचौपाल में आई समस्याओं का निराकरण 12 घण्टे में ही शुरू हो गया। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव की जन चौपाल रविवार शाम बौरीपारा के सामुदायिक भवन में लगी थी। मेयर डॉ. अजय तिर्की, श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष शफी अहमद, जोन प्रभारी अरविंद सिंह गप्पू,सेक्टर प्रभारी रजनीश सिंह भी साथ थे। यहां वार्ड के लोगों ने बिजली,पानी,नालियों की सफाई, वार्ड 22 के हमर क्लिनिक में मरीजों के लिए शेड निर्माण जैसी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने वहां मौजूद सरकारी अमले को तत्काल समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशत किया। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर आज ही सीजीएमएससी के अधिकारियों ने हमर क्लिनिक में शेड निर्माण की प्रकिया शुरू कर दी। जल निकासी के लिए बड़े नाले की सफाई का काम नगर निगम ने शुरू कर दिया। विधुत विभाग का अमला क्षेत्र में लो वोल्टेज से निपटने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने सर्वे कर चुका है। एक दो दिन में ही ट्रांसफार्मर बदलने की बात बिजली विभाग के अधिकारियों ने कही है। बैठक में रजनीश सिंह, संतोष सिंह, अरुण सिंह, मनीष सिंह, अमित जयसवाल, विकल झा, राजन सिंह, एकलव्य सिंह, उत्तम राजवाड़े,आर एस जैस्वाल, प्रिंस , चुनमुन तिवारी, रफीक अंसारी, सत्येंद्र जयसवाल, रवि जायसवाल, मनोज पाठक, वैभव पांडे, अशोक जयसवाल, राहुल सोनी, संपूर्ण जयसवाल, प्रिंस गुप्ता, दिनेश गुप्ता, विकास केसरी, केदार यादव, मिथुन सिंह, संजर नवाज, रेहान अली, रंजन शर्मा, लोकेश पासवान, बच्चा अंसारी, रमन जायसवाल, सतीश सिंह, नीरु बाबरा, पवन सिंह, सानू जैस्वाल, गोलू सिंह, आनंद विश्वास, सुनील मिश्रा, बिट्टू उपाध्याय, रवि गिरी, बोनू, सागर जयसवाल, मुनी, सिद्धार्थ सिंह, विनय गुप्ता, शामिल थे।

# प्राकृतिक,धार्मिक, पुरातात्विक तथा सांस्कृतिक धरोहरों का केंद्र मैनपाट पर्यटकों की पहली पसंद

## खूबसूरत मैनपाट में जीडीएस सम्मिलन संपन्न

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 24 जुलाई 2023
(घटती घटना)



छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल एवं घुमक्कड़ी दिल से (जीडीएस) छत्तीसगढ़ चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान में 22-23 जुलाई को छत्तीसगढ़ के बौद्ध तीर्थ तथा शिमला के नाम से प्रसिद्ध हिल स्टेशन मैनपाट में दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों हरिद्वार, सोनीपत, दिल्ली, हरियाणा, देहरादून, दिल्ली, गुडग़ांव, केरल, भोपाल, उज्जैन, रांची, हजारीबाग, झुमरी तलैया, कानपुर, मिर्जापुर, भोपाल, उज्जैन, पन्ना, बक्सर, प्रयागराज, तालबेहट, हिमाचल प्रदेश, गढ़वाल, गाजियाबाद, उड़ीसा, अनूपपुर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, जगदलपुर, राजनांदगांव, अम्बिकापुर सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 70 सदस्यों से अधिक घुमक्कड़ों, ब्लॉगर, यू ट्यूबर, फोटोग्राफर, पर्वतारोही और प्रकृति प्रेमियों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ में पर्यटन (ईको पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन तथा जनजातीय) को बढ़ावा देना तथा प्रदेश की नैसर्गिक सुंदरता को दुनिया के सामने लाना है। सम्मेलन के दौरान सभी अतिथियों ने सरगुजा के पर्यटन स्थलों को करीब से देखा। यहां की संस्कृति तथा खानपान को जाना। आयोजन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अतिथियों का भव्य स्वागत स्थानीय करमा नृत्य से किया गया तथा सभी अतिथियों को स्थानीय पारंपरिक भोजन करील, पुटू आदि परोसा गया जिसका सभी अतिथियों ने भरपूर आनंद लिया।

सम्मिलन के दौरान सभी अतिथियों ने मैनपाट के बौद्ध विहार सहित विभिन्न प्राकृतिक स्थलों, सनसेट प्वाइंट परपटिया, मछली प्वाइंट, टाइगर प्वाइंट, मेहता पॉइंट सहित प्रकृति के आश्चर्यों जैसे ठीनठीनी पत्थर जिससे मधुर संगीत निकलती है, उल्टा पानी जहां पानी नीचे से ऊपर की ओर बहता है तथा दलदली जहां चलने से धरती में कम्पन होता है आदि का अवलोकन किया जिसके बारे में अंबिकापुर के जयेश वर्मा और मैनपाट के कमलेश सिंह ने अतिथियों को विस्तार से जानकारी दी। सभी ने मैनपाट के नैसर्गिक सौंदर्य को अपने कैमरों में कैद किया तथा यहां बार बार आने की इच्छा जाहिर की। जीडीएस सम्मेलन के ऐतिहासिक एवं सफल आयोजन में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, आयोजन समिति के छत्तीसगढ़ जीडीएस प्रमुख बृज बिहारी मिश्रा, अनूप नायक, अंबिकापुर के जयेश वर्मा, सुरेंद्र तिवारी, संदीप गुप्ता, सैयद अख्तर हुसैन, कमलेश सिंह, आलोक दुबे, डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ इति चतुर्वेदी, ईश्वर पटेल, नाजिम खान, बीनू मथाई, शलभ गुप्ता आदि ने सम्मेलन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मेलन के अंतिम सत्र में सभी अतिथियों द्वारा शैला रिजॉर्ट परिसर में वृक्षारोपण किया। प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के पश्चात सभी घुमक्कड़ साथियों ने जीडीएस के स्लोगन ÷घुमक्कड़ी दिल से.. मिलेंगे फिर से..के जयघोष के साथ नम आंखों से एक दूसरे से विदाई लेते हुए आयोजन और छत्तीसगढ़ के आतिथ्य सत्कार की मुक्त कंठ से सराहना की।



## पहाड़ कोरजा के ग्रामीणों को पिछले चार महीने से नहीं मिला है राशन

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 24 जुलाई 2023 (घटती घटना)

उदयपुर के ग्राम पेंडराखी के आश्रित ग्राम पहाड़ कोरजा में विगत 4 माह से ग्रामवासियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन का वितरण नहीं किया गया। इस गंभीर विषय को लेकर सोमवार को 40 की संख्या में ग्राम वासियों को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री गोपाल सिन्हा के नेतृत्व में जिला खाद्य अधिकारी को आवेदन दिया।

गोपाल सिन्हा ने बताया कि ग्राम पेंडरखी के आश्रित ग्राम पहाड़ कोरजा में 4 माह से ग्रामवासियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन नहीं दिया जा रहा है जो की बहुत ही शर्मनाक एवं गंभीर विषय है। खाद्यान वितरण न होने की वजह से ग्रामवासी परेशान है। सोमवार को पहाड़ कोरजा के ग्रामवासियों ने जिला खाद्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री गोपाल सिन्हा का कहना है कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे में फेल है और भ्रष्टाचार में लिप्त होकर केवल रेत, कोयला की दलाली में मस्त है और जनता की मूलभूत सुविधा से वंचित कर रही है। एक सप्ताह के भीतर अगर राशन नहीं दिया जाता है तो हम ग्रामवासियों के साथ निकम्मी और भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

## बांग्लादेश में डेंगू का कहर...2,292 रोगियों को अस्पताल में भर्ती किया गया

ढाका ।बांग्लादेश में डेंगू महामारी का रूप ले चुका है।बांग्लादेश में 24 घंटों में कुल 2,292 डेंगू रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया यह 2023 में एक दिन में अस्पताल में भर्ती होने की सबसे अधिक संख्या थी। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, इस अवधि के दौरान डेंगू से नौ और मौतें हुईं, जिससे संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 176 हो गई। नए मरीजों में से 1,064 को ढाका के अस्पतालों में और बाकी को बाहर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया।पूरे बांग्लादेश में, राजधानी में 4,149 सहित 7,175 डेंगू मरीज अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। इस वर्ष अब तक डीजीएचएस ने डेंगू के 32,977 मामले और 25,626 ठीक होने के मामले दर्ज किए हैं।देश में साल 2022 में डेंगू से 281 मौतें हुईं, जो 2019 में दर्ज की गई 179 मौतों के बाद रिकॉर्ड में सबसे अधिक है। इसके अलावा, पिछले साल 62,423 डेंगू के मामले और 61,971 रिकवरी दर्ज की गई।अखबार ने बताया कि जुलाई सबसे खराब महीना रहा है, क्योंकि पिछले 21 दिनों में 109 मौतें और 20,465 पॉजिटिव मामले दर्ज किए गए। डेंगू रोग-2023 के माह-वार आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी में छह मौतों के साथ 566 डेंगू मरीज मिले। फरवरी में शून्य मौतों के साथ 111 मामले, मार्च में दो मौतों के साथ 143 मामले, अप्रैल में दो मौतों के साथ 50 मामले, मई में दो मौतों के साथ 1036 मामले और जून में 34 मौतों के साथ 5,956 मामले सामने आए। डीजीएचएस डेटा के अनुसार, तुलनात्मक रूप से पिछले साल डेंगू पॉजिटिव मामलों और मौत के आंकड़ों के मामले में कम गंभीर था।इस दौरान 268 मरीजों की मौत हुई थी और 62,382 मामले दर्ज किए गए थे।

## चीन में स्कूल में बने जिम की छत गिरी, 10 लोगों की मौत



बीजिंग ।चीन के पूर्वोत्तर शहर क्यूकीहार में एक मीडिल स्कूल में बने जिम की अचानक छत गिरने से 10 लोगों की मौत होने की सूचना है। जिम की छत के गिरने से मलबे में दबे 14 लोगों को निकाला भी गया है।बताया जाता है कि अभी एक शख्स मलबे में दबा हुआ है।उस निकालने का काम किया जा रहा है।हादसे के वक्त जिम में कुल 19 लोग मौजूद थे, जिसमें 4 लोग भागने में सफल रहे।यह घटना हेइलोंगजियांग प्रांत के क्यूकीहार में रविवार दोपहर करीब 3 बजे की घटित हुई। स्कूल नंबर 34 में यह जिम बना हुआ था जोकि अचानक ढह गया। मलबे में एक दर्जन से अधिक लोग फंस गए थे। इसके बाद राहत व बचाव अभियान चलाया गया जिसके बाद सोमवार सुबह तक 14 लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है जिसमें 4 लोगों को मृत हालत में निकाला गया था। वहीं, 6 गंभीर रूप से घायल थे।इन घायलों की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि छत पर मजदूरों ने पर्लाइट (ज्वालामुखीय कांच का एक रूप) रखा था। भारी बारिश के कारण पर्लाइट ने अधिक पानी सोख लिया। इससे पेर्लाइट आकार में फैल गया और अधिक भारी हो गया। इसके चलते छत ढह गई जबकि पर्लाइट से छत बनाना चीन में अवैध है। अधिकारियों के मुताबिक इस मामले में आगे की जांच की जा रही है और बचाव प्रयास अभी भी जारी हैं। बताया जाता है कि? रेस्?क?यू ऑपरेशन में करीब 160 अग्निशमन कर्मियों की टीम तैनात है।

## कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

टोरंटो ।कनाडा में फूड डिलीवरी पार्टनर के रूप में काम करने वाले एक 24 साल के भारतीय छात्र पर कार चोरों ने जानलेवा हमला करके उसकी हत्या कर दी। खबरों के मुताबिक गुरविंदर नाथ 9 जुलाई को रात करीब 2 बजे पिज्जा डिलीवरी कर रहे थे, तभी अज्ञात संदिग्धों ने उन पर हमला कर उनकी कार को लूटने की कोशिश की।पुलिस ने कहा कि 'मामले की जांच कर रहे अफसरों का मानना है कि इसमें कई संदिग्ध शामिल हैं और खाने का ऑर्डर ड्राइवर को इस इलाके में आने के लिए लुभाने के साधन के रूप में दिया गया था। पुलि ने हमले से पहले दिए गए पिज्जा ऑर्डर की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग हासिल की है। पुलिस ने बताया कि गुरविंदर के पहुंचने के बाद उन पर 'हिंसक हमला कर एक संदिग्ध ने उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। संदिग्धों ने गुरविंदर की कार को लूट लिया और वारदात को अंजाम देकर मौके से भाग गए। नाथ को ट्रॉमा सेंटर ले जाने से पहले कई लोग उनकी मदद के लिए आए और सहायता की गुहार लगाई। जिसके बाद नाथ को अस्पताल ले जाया गया, जहां 14 जुलाई को नाथ को मृत घोषित कर दिया गया।टोरंटो में भारत के महावाणिज्यदूत सिद्धार्थ नाथ ने कहा कि गुरविंदर नाथ की मौत एक 'दिल को दहलाने वाला नुकसान' है। उन्होंने कहा कि महावाणिज्य दूतावास ने नाथ की मौत के बाद उनके परिवार से संपर्क किया है। पुलिस ने बताया कि नाथ की कार हमले के कुछ घंटों बाद लावारिस हालत में पाई गई थी।जो अपराध की जगह से पांच किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। पुलिस ने कार की फोरेंसिक जांच की है और 'कई' सबूत बरामद किए गए हैं।पुलिस का कहना है कि नाथ और हमलावरों के बीच किसी रंजिश की जानकारी नहीं है।गुरविंदर नाथ का पार्थिव शरीर टोरंटो में भारतीय महावाणिज्य दूतावास की मदद से 27 जुलाई को भारत लाया जाएगा। नाथ जुलाई 2021 में भारत से कनाडा पहुंचे थे और उनकी अपना खुद का व्यवसाय खोलने की योजना थी। शनिवार को मिसिसॉगा में नाथ के लिए कैंडल लाइट मार्च में 200 से अधिक लोग एकत्र हुए। इस मौके पर लोगों ने कहा कि नाथ अपने परिवार की उम्मीदें लेकर कनाडा आए थे और अब उनका परिवार अपने तीन बेटों में से एक को खोने के गम से जूझ रहा है। नाथ के एक रिश्तेदार के दोस्त बॉबी सिद्धू ने कहा कि 'आप एक सपने के साथ कनाडा आते हैं।लेकिन इन लोगों ने एक सपना चुरा लिया।

## रोबोट ने कोल्ड वेल्डिंग तकनीकी से खुद अपना उपचार किया

न्यू मैक्सिको ।अमेरिका के न्यू मैक्सिको में स्थित सेंडिया नेशनल लैब के शोधकर्ताओं ने एक प्रयोग किया।इस प्रयोग में धातु के टुकड़ों को 200 वार प्रति सेकंड पर खींचा गया। इससे रोबोट में जो दरारें स्पष्ट रूप से झलकने लगी। प्रयोग के 40 मिनट बाद वह दरारें अपने आप भरने लगी। शोधकर्ताओं ने इसे कोल्ड वेल्डिंग का नाम दिया है। नेचर पत्रिका में शोध प्रकाशित हुआ है।उसके अनुसार कोल्ड वेल्डिंग मैटलर्जी की प्रक्रिया है।जिसमें धातु की दो मुलायम और साफ सतह अपने आप पास आती हैं। अपने एटामिक बांड को फिर से आपस में जोड़ लेते हैं। इस शोध से धातु यदि किसी तरह से अलग हो जाती है।तो इस पद्धति से उन्हें आपस में जोड़ा भी जा सकता है।

## युद्धविराम समझौते के तहत अमेरिकी सैनिक के मामले में उत्तर कोरिया से की बात

वाशिंगटन।अमेरिकी सैनिक को हिरासत में लेने के मामले में उत्तर कोरिया से बातचीत शुरु की है।यह बातचीत युद्धविराम समझौते के तहत स्थापित संचार माध्यम से प्रक्रिया शुरू की गई है। जनरल एंड्रयू हैरिसन ने कहा कि इस युद्धविराम समझौते के तहत 1950-53 के कोरियाई युद्ध के तहत लड़ाई रोक दी गई थी।उन्होंने कहा कि पीवीटी ट्राविस किंग की सलामती कमान की मुख्य चिंता है।वहीं संयुक्त राष्ट्र कमान के उप कमांडर ने कहा कि कमान ने हिरासत में लिए गए अमेरिकी सैनिक के मामले में उत्तर कोरिया के साथ बातचीत शुरू की है। सैनिक पिछले हफ्ते कोरियाई प्रायद्वीप की भारी सुरक्षा वाली सीमा को पार कर उत्तर कोरिया में प्रवेश कर गया था। जनरल एंड्रयू हैरिसन ने कहा कि युद्धविराम समझौते के तहत स्थापित संचार माध्यम से प्रक्रिया शुरू की गई है। इस युद्धविराम समझौते के तहत 1950-53 के कोरियाई युद्ध के तहत लड़ाई रोक दी गई थी। उन्होंने कहा कि पीवीटी ट्राविस किंग की सलामती कमान की मुख्य चिंता है।



कनाडा में भारी बारिश और बाढ़ के कारण सीएन रेल लाइन पर से बहता हुआ पानी।

## इंडोनेशिया में फिर समुद्री हादसा, 15 लोगों के मारे जाने की सूचना

जकार्ता।इंडोनेशिया में फिर समुद्री हादसे की खबर सामने आ रही है।सुलावेसी द्वीप पर एक नौका के डूबने से 15 लोगों के मारे जाने की सूचना है।इतना ही नहीं 19 लोग अभी लापता भी हैं।रेस्क्यू टीम इन सभी की तलाश जोर शोर से कर रही है।हादसे के वक?त नौका में कुल 40 यात्री सवार थे।इसमें से 6 यात्री सही सलामत हैं।बीते अप्रैल माह में भी रियाउ प्रांत में नौका डूबने से 11 लोगों की मौत हो गई थी। राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी के मुताबिक इंडोनेशियाई अधिकारी ने बताया कि सोमवार को सुलावेसी द्वीप पर एक नौका डूबने से कम से कम 15 लोग मारे गए हैं।इसके बाद से 19 यात्री लापता भी हो गए हैं।जिनकी तलाश अलग-अलग रेस्क्यू टीमों की ओर से की जा रही है।इस नौका में कुल 40 यात्रियों के सवार होने की सूचना मिली है।इसके बाद बाद 6 यात्री भी हैं, जिनकों सकुशल बचा लिया गया है।हालांकि नौका के डूबने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।हादसा बीती आधी रात को हुआ था।खोज और बचाव एजेंसी के प्रमुख मुहम्मद अराफा ने कहा कि सभी पीड़ितों की पहचान कर ली गई है और उनके शवों को परिवार को सौंप दिया गया है, जबकि हादसे में बचे सभी 6 यात्रियों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। बता दें कि 17,000 से अधिक द्वीपों वाले इंडोनेशिया में नौकाएं परिवहन का एक प्रमुख और सामान्य साधन हैं और यहां इस तरह की दुर्घटनाएं आम हैं।इस तरह के हादसों के पीछे एक बड़ी वजह नौका परिवहन को लेकर बनाए गए सुरक्षा मानकों का लचर होना और लाइफ स्पोर्ट सिस्टम का कमजोर होना है। गौरतलब है कि अप्रैल माह में भी पश्चिमी इंडोनेशिया के रियाउ प्रांत में इंद्रगिरि हिलिर रीजेंसी के टेम्बिलाहन कस्बे में एक बंदरगाह से निकलने के करीब 3 घंटे बाद नौका डूब गई थी। नौका डूबने से 11 लोगों की मौत हो गई और 9 अन्य अब भी लापता हैं।

# एलोन मस्क हमेशा के लिए उड़ा देंगे ट्विटर की नीली चिड़िया

### Blue Bird की जगह लेगा X अक्षर

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** एलन मस्क अक्सर ट्विटर पर आश्चर्यजनक घोषणाएँ करते रहे हैं और इस सप्ताहांत भी कुछ अलग नहीं था। अरबपति ने घोषणा की कि ट्विटर की चिड़िया को एक्स अक्षर के साथ रिप्लेस कर दिया जाएगा। मस्क ने रविवार सुबह एक ट्वीट में लिखा, ÷और जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी पक्षियों को अलविदा कह देंगे।÷ मस्क ने बताया कि डोमेन ङ्क.ष्शद्व उपयोगकर्ता को ट्विटर पर रीडायरेक्ट करता है। उन्होंने नए लोगो का भी संकेत दिया जो संभवतः ब्लू बर्ड की जगह लेगा।

### ट्विटर का बदला जाएगा लोगो

सोशल मीडिया मंच 'ट्विटर' अब अपने 'लोगो' के लिए प्रसिद्ध नीली चिड़िया की जगह अंग्रेजी के 'एक्स' अक्षर का इस्तेमाल करेगा। उद्योगपति एलन मस्क ने रविवार को यह जानकारी दी। मस्क ने पिछले साल 44 अरब डॉलर में ट्विटर को खरीदा था। उसके बाद उन्होंने साइट में कई बदलाव किए हैं। मस्क ने रविवार देर रात ट्वीट करके बताया कि वह लोगो में बदलाव सोमवार को



ही करना चाहते हैं।

### नीली चिड़िया की ट्विटर से होगी विदाई, एक्स अक्षर को जोड़ा जाएगा

मस्क ने लिखा, ''और जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और सभी चिड़ियां को अलविदा कह देंगे।'' विपणन सलाहकार कंपनी 'मेटाफोर्स' के सह-संस्थापक एलन एडम्सन ने कहा कि 'एक्स' से जुड़े मस्क के पुराने इतिहास को देखते हुए यह बदलाव आश्चर्यजनक नहीं है।

### मस्क की रॉकेट कंपनी से है एक्स का कनेक्शन

टेस्ला के अरबपति मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मस्क ने पिछले साल अक्टूबर में ट्वीट किया था, ''ट्विटर को खरीदना सभी सेवाएं मुहैया कराने वाली 'एक्स' ऐप की दिशा में उठाया गया कदम है।'' मस्क की रॉकेट कंपनी 'स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कॉर्प' को आमतौर पर 'स्पेसएक्स' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने 1999 में 'एक्स डॉट कॉम' नामक एक स्टार्टअप की स्थापना की थी, जो एक ऑनलाइन वित्तीय सेवा कंपनी है। इसे अब पेपाल के नाम से जाना जाता है।

### एलन मस्क ने नए लोगो का संकेत दिया

एलन मस्क ने अपने प्रोफ़ाइल पर एक वीडियो पिन किया है जो संभवतः नया ट्विटर लोगो हो सकता है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने उसी लोगो को टेक्स्ट के रूप में पोस्ट किया। एक अन्य ट्वीट में मस्क ने लिखा कि X.com अब उपयोगकर्ता को Twitter.com पर ले जाता है और अंतरिम X लोगो जल्द ही लाइव होगा।

## मणिपुर के वीडियो कांड पर अमेरिका भी चिंतित, घटना को क्रूर और भयानक बताया

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** मणिपुर के वीडियो कांड पर अमेरिका भी चिंतित नजर आया है। उसने इस घटना को क्रूर और भयानक बताया है। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका ने रविवार को कहा है कि वह भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने वाले वीडियो की रिपोर्ट पर खासा चिंतित है। यह वह मामला है जिसने देश को गुस्से में डाल दिया है। अमेरिका के विदेश विभाग की तरफ से इस घटना को क्रूर और भयानक बताया गया है। विदेश विभाग ने कहा है कि अमेरिका पीड़ितों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करता है। गौरतलब है कि मणिपुर में मई के महीने से ही हिंसा जारी है। जहां कुकी समुदाय को दिए जाने वाले आर्थिक लाभों में बदलावों की आशंका के बाद से ही मैतेई समुदाय के साथ हिंसा शुरू हो गई। जो वीडियो अब सामने आए हैं वो मई के बताए जा रहे हैं। जहां जातीय संघर्ष के दौरान 21 और 19 साल की पीड़ितों को निर्वस्त्र करके घुमाया गया था। जबकि एक महिला के साथ गैंगरेप और फिर हत?या की खबरें हैं। इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। पिछले हफ्ते ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

हालांकि पुलिस ने मामले में कुछ गिरफ्तारियां की हैं। अमेरिकी विदेश विभाग की तरफ से कहा गया है कि अमेरिका, मणिपुर हिंसा का शांतिपूर्ण और समावेशी समाधान चाहता है। साथ ही उसने अधिकारियों से सभी समूहों, घरों और पूजा स्थलों की सुरक्षा की मांग करते हुए मानवीय जरूरतों का जवाब देने का अनुरोध किया है। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते वीडियो सामने आने के बाद हमले की निंदा की है। उन्होंने इसे शर्मनाक बताते हुए कड़ी कार्रवाई का वादा किया। केंद्र सरकार की तरफ से 32 लाख की आबादी वाले मणिपुर में तैनाती के लिए हजारों अर्धसैनिक और सेना की टुकड़ियां भेजी। इसके बाद मामला कुछ समस्या शांत हो सका था। लेकिन इसके तुरंत बाद छिटपुट हिंसा और हत्याएं फिर से शुरू हो गईं और तब से राज्य में तनाव बना हुआ है।


## रुस का यूक्रेन पर आरोप, आवसीय क्षेत्र में कर रहा ड्रोन से हमला

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन को सोमवार सुबह हुए ड्रोन हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया, जिसमें मॉस्को की दो इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दो ड्रोन क्रैश हुए जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। रुसी मीडिया ने बताया कि एक ड्रोन रक्षा मंत्रालय के करीब गिरा। यूक्रेनी अधिकारियों ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि उन्होंने कभी भी रूस के अंदर हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि ड्रोन हमलों ने स्थानीय समयानुसार लगभग 04ः00 बजे गैर-आवासीय इमारतों को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि इमारतों को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। वहीं कुछ ड्रोन के टुकड़े रक्षा मंत्रालय की इमारतों से सिर्फ 2 किमी दूर पाए गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, मॉस्को शहर पर दो ड्रोन का इस्तेमाल करके कीव शासन की ओर से आतंकवादी हमले की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, शहर के कोम्सोमोल्स्की एवेन्यू के किनारे ड्रोन का मलबा भी पाया गया। मॉस्को के परिवहन विभाग ने लिखा कि रास्तों पर ट्रैफिक रोक दिया गया है और तस्वीरों में आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम करती दिख रही हैं। लिकचेव एवेन्यू पर भी यातायात रोक दिया गया, जहां एक ऊंची ऑफिस बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गई। मॉस्को ने यूक्रेन पर हाल के महीनों में उसके क्षेत्र पर कई ड्रोन हमलों का आरोप लगाया है। इस महीने की शुरुआत में, रूस ने कहा कि यूक्रेन ने मॉस्को पर ड्रोन हमला किया जिससे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। इसके पहले रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, रूसी सेना ने यूक्रेन के शहर ओडेसा के पास ड्रोन नौकाओं के निर्माण और तैयारी करने वाली सुविधाओं पर रात भर मिसाइल हमला किया। बयान में कहा गया, पिछली रात, रूसी सशस्त्र बलों ने लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ उन सुविधाओं पर एक समूह हमला किया, जहां बिना चालक वाली नावों का उपयोग करके रूस के खिलाफ हमले के तैयारी की जा रही थी।

## चांद से आगे की सैर भी कराएगा चीन का चंद्रयान, होगा नासा से मुकाबला

**बीजिंग (एजेंसी)।** भारत द्वारा लांच किए गए चंद्रयान-3 मून मिशन के बाद अब चीन भी स्पेस में जाने की तैयारी कर रहा है। लेकिन चीन का मिशन चांद से आगे की सैर कराने वाला है। जानकार बताते हैं कि दुनिया में चल रही स्पेस रेस में चीन एक कदम भी पीछे नहीं रहना चाहता है। हाल ही में भारत ने अपना चंद्रयान-3 मून मिशन लॉन्च किया है। अब चीन 2027 के आसपास नए जमाने के चालक दल वाले अंतरिक्ष यान को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। यह स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा और उससे भी आगे ले जाने में सक्षम होगा। जानकारी के अनुसार चीन के ह्यूमन स्पेसफ्लाइट प्रोग्राम के डेप्युटी चीफ डिजाइनर यांग लिवेई ने कहा कि भविष्य में, एक नई पीढ़ी के स्पेसक्राफ्ट का इस्तेमाल हमारे स्पेस स्टेशन के निर्माण और गहरे अंतरिक्ष की खोज में किया जाएगा। यांग ने कहा कि पहली उड़ानें 2027 और 2028 के बीच होने का अनुमान है। चीन ने 2020 में स्पेसक्राफ्ट के बॉयलरप्लेट वेरिएंट का टेस्ट किया था। वापस आए कैप्सूल को प्रदर्शनी के लिए रखा गया है। नया अंतरिक्ष यान चीन की 2030 तक चंद्रमा पर एस्ट्रोनॉट्स को भेजने की योजना का हिस्सा है। स्पेसक्राफ्ट आंशिक रूप से दोबारा इस्तेमाल करने योग्य होगा और इसे लॉन्च करने के लिए एक नया रॉकेट विकसित किया जा रहा है जिसे हाल ही में लॉन्ग मार्च 10 नाम दिया गया।

गौरतलब है कि स्पेसक्राफ्ट का डीप-स्पेस वेरिएंट



तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लूनर ट्रांसफर ऑर्बिट में ले जाने में सक्षम होगा। वहीं एक लो अर्थ ऑर्बिट वेरिएंट चार से सात अंतरिक्ष यात्रियों को चीन के टिएनगॉग स्पेस स्टेशन तक ले जा सकेगा। चीन वर्तमान में अधिकतम तीन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने के लिए शेनझोउ स्पेसक्राफ्ट का इस्तेमाल करता है। यांग 2003 में शेनझोउ-5 मिशन पर सवार होकर ऑर्बिट में जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री बने थे। शेनझोउ-16 का दल इस समय तियांगोंग स्पेस स्टेशन पर सवार है। तीनों अंतरिक्ष यात्री लगभग छह महीने के लिए 30 मई को स्टेशन पर पहुंचे थे। चीन ने चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की घोषणा ऐसे समय पर की है जब अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा आर्टेमिस मिशन के तहत 2025 में एक बार फिर चंद्रमा पर इंसानों को भेजने की तैयारी में जुटी हुई है।

## अंजू के प्यार की पाकिस्तान में पड़ताल शुरू, नसरुल्ला के घर मीडिया का जमावड़ा

**पेशावर (एजेंसी)।** भारत में सीमा हैदर को लेकर जहां तफ्तीश चल रही है, वहीं पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों ने अब भारत की अंजू प्रसाद की लवस्टोरी की पड़ताल शुरू कर दी है। दरअसल 35 साल की अंजू जो भारत के उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं, उन्हें पाकिस्तान के नसरुल्ला से प्यार हो गया था। जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान की सीमा पर स्थित खैबर पख्तूनख्वां की छोटी सी जगह अपर दीर के नसरुल्ला के साथ उनकी लवस्टोरी फेसबुक पर शुरू हुई थी। लेकिन अब इस फेसबुकिया लवस्टोरी की पाकिस्तान में जांच पड़ताल शुरू हो गई है। पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक हर बिंदु से मामले की जांच कर जाएगी। सूत्रों ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला ठीक उसी समय सामने आया है जब भारत में सीमा हैदर से पूछताछ शुरू हुई है। अंजू की तरह सीमा भी अपने प्यार की खातिर भारत आई थी। हालांकि वह गैर-कानूनी तरीके से यहां पहुंची थी। रविवार को जैसे ही अंजू के बारे में खबरें आनी शुरू हुईं नसरुल्ला के घर के बाहर स्थानीय मीडिया का हुजूम इकट्ठा हो गया। इस दौरान अंजू ने पत्रकारों से कहा कि वह नसरुल्लाह से प्यार करती है और वह उसके बिना नहीं रह सकती।

मीडिया को अंजू ने बताया कि उनकी मुलाकात फेसबुक पर हुई थी और फिर उनकी दोस्ती गहरे प्यार में बदल गई। इसके बाद उन्होंने भारत छोड़कर पाकिस्तान जाने का फैसला किया। अंजू ने ट्रैवल वीजा के लिए अप्लाई किया। वीजा मिलने के बाद वह यहां पहुंच गई। यहां एक सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक अंजू और नसरुल्ला की दोस्ती की जांच की जा रही है। अंजू पहले से ही शादीशुदा है। अपर दीर के जिला पुलिस अधिकारी मुश्ताक खान ने पत्रकारों को बताया कि महिला उनके साथ है और वे मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला के पास वैध वीजा है और वह एक महीने तक रह सकती है। महिला को दोषमुक्त होने के बाद मीडिया के सामने पेश किया जाएगा।

इस मामले में एक स्थानीय पत्रकार ने कहा कि भारतीय महिला मीडिया से बच रही थी। उन्होंने कहा कि जब नसरुल्ला के आने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो कई पत्रकार उसके घर पहुंचे, लेकिन उन्हें बताया गया कि अंजू उनके घर पर मौजूद नहीं थी। वहीं नसरुल्लाह ने मीडिया को बताया कि अगले दो से तीन दिनों में वह और अंजू सगाई करने वाले हैं। फिर दस से बारह दिनों के बाद वह भारत वापस चली जाएगी और फिर शादी के लिए आएगी। यह मेरी और अंजू की निजी जिंदगी है। उनका कहना था कि वो दोनों मीडिया से दूर रहने की कोशिश कर रहे हैं। वह अपने देश वापस आकर अपना काम फिर से शुरू करना चाहती है।



CMYK

## संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर संभाग हुए निलंबित,सरगुजा संयुक्त संचालक शिक्षा पर कब होगी कार्यवाही ?

# सरगुजा में भी 300 से अधिक शिक्षकों को दी गई है पैसे लेकर मनचाही पोस्टिंग,किया गया है उनके आदेश में भी संशोधनःसूत्र

- **पदोन्नति में पोस्टिंग का खेल खेलकर राज्य के पांचों संयुक्त संचालक शिक्षा ने कमाया करोड़ों,अब विभाग करा रहा जांच**
- **जांच में पहली कार्यवाही सामने आई,बिलासपुर संयुक्त संचालक शिक्षा हुए निलंबित।**
- **संशोधन सहित काउंसलिंग में पैसे लेकर की गई पदोन्नत शिक्षकों की पोस्टिंग,यह है आरोप**
- **सरगुजा संभाग में भी पोस्टिंग संशोधन सहित मनचाही पोस्टिंग के नाम हुई है जमकर वसूली**
- **क्या सरगुजा संयुक्त संचालक शिक्षा पर भी गिरेगी निलंबन की गाज,उठ रहा सवाल ?**

-रवि सिंह-

**अंबिकापुर/कोरिया 24 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में जमकर भ्रष्टाचार हुआ और यह भ्रष्टाचार संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय के द्वारा किया गया अब जिसकी जांच की जा रही है और विभाग मामले में पांचों संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय की जांच करा रहा है जिसमे पहली कार्यवाही सामने भी आ गई है और बिलासपुर के जेडी निलंबित कर दिए गए हैं। बिलासपुर जेडी के द्वारा पदोन्नति में शासन की मंशा के विपरीत कार्य किया गया और पदोन्नत शिक्षकों से पैसे लेकर उन्हें मनचाही पोस्टिंग दी गई जिसके बाद मामला तुल पकड़ा और शिकायत हुई और जिसके बाद जांच संस्थित की गई और आरोप सही





अम्बिकापुर, सोमवार 17 जुलाई 2023 6

घटती-घटना की खबर का हुआ असर...सरगुजा संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा की गई पदोन्नति पदस्थापना में गड़बड़ी की कमिश्नर करेंगे जांच

क्या संयुक्त संचालक सरगुजा ने शिक्षकों की संशोधित

पाए जाने पर कार्यवाही हुई।
बिलासपुर जेडी पर कार्यवाही के बाद अब देखना यह है की प्रदेश के अन्य चार शेष बचे जेडी जिनके ऊपर भी पदोन्नति पोस्टिंग में पैसे लेकर पोस्टिंग करने का आरोप लगा है और शासन की मंशा पर पानी फेरकर उन्होंने अपनी जेबें भरी यह भी आरोप उनके ऊपर लगा है। मामले में स्कूल शिक्षा विभाग ने पांचों जेडी की जांच का जिम्मा जो पदोन्नति से जुड़े मामले की जांच है संभाग आयुक्त सभी पांचों संभाग छत्तीसगढ़ को दिया गया है जिसमे बिलासपुर संभाग आयुक्त की तरफ से पहली कार्यवाही की गई है और जेडी बिलासपुर अब निलंबित कर दिए गए हैं क्योंकि आरोप सही पाए गए हैं।

### क्या सरगुजा संयुक्त संचालक शिक्षा के विरुद्ध भी होगी कार्यवाही,उठ रहे सवाल ?

पदोन्नति मामले में पैसा लेकर मनचाही पोस्टिंग दिए जाने का आरोप सरगुजा संभाग के संयुक्त संचालक शिक्षा पर भी आरोप लगे हैं, शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने इसकी भी जांच का आदेश दिया हुआ है जो संभाग आयुक्त राजस्व सरगुजा द्वारा जांच की जा रही है। अब देखना है की सरगुजा जेडी के विरुद्ध भी कार्यवाही होती है,क्योंकि प्रदेश में सबसे पहले आरोप भी सरगुजा जेडी के ऊपर लगा था और उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताने का प्रयास किया था जबकि सरगुजा में ही 300 से ज्यादा शिक्षकों से पैसे लेकर उन्हें मनचाही पोस्टिंग दी गई और जिसके लिए संशोधन भी बड़े पैमाने पर किया गया।

### संशोधन कर मनचाही पोस्टिंग देने मामले में सरगुजा संभाग अव्वल हो सकता है,जांच हुई तो खुलेंगे राज

केवल सरगुजा संभाग में ही पदोन्नति पश्चात मनचाही पोस्टिंग इस पैमाने पर किया गया की यदि अन्य संभागों से तुलना की जाए तो यह संभाग संशोधन मामले में अव्वल हो सकता है। जिन्हे मनचाही पोस्टिंग चाहिए थी उन्हे काउंसलिंग में उपस्थित रहने से भी छूट प्रदान किया गया था जिससे अन्य शिक्षकों से मामले को छिपाया जा सके। प्रदेश का सबसे पहले पदोन्नति प्रकिया पूर्ण करने वाला संभाग भी सरगुजा ही था और पोस्टिंग में खेल की शुरुआत भी यहीं से हुई थी जिसका कई बार खबर भी प्रकाशित हुआ था।

### करोड़ों की हुई है वसूली,एक एक शिक्षक से डेढ़ से दो लाख तक लेकर दी गई मनचाही पोस्टिंग

सरगुजा संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय द्वारा पूरी पदोन्नति प्रक्रिया को इस तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाया गया की मामले में कई करोड़ शिक्षकों से उन्हें मनचाही पोस्टिंग देने के नाम पर वसूल लिए गए। एक एक शिक्षक जिसे मनचाही पोस्टिंग की दरकार थी उससे डेढ़ से दो लाख तक की राशि वसूली गई और उन्हें या तो काउंसलिंग के दौरान ही या संशोधन कर मनचाही पोस्टिंग दी गई। पूरा भ्रष्टाचार का खेल कई करोड़ों का होने के कारण ही अब मामले में जांच भी सुस्त है क्योंकि मामला आर्थिक लाभ से जुड़ा हुआ है।

### कई शिक्षक भ्रष्टाचार की वजह से वंचित हो गए पदोन्नति से

सरगुजा में कई ऐसे शिक्षक भी सामने आए जिन्होंने विरोध तो सामने से नहीं किया लेकिन जब उन्हें बड़े स्तर पर लेनदेन की बात पता चली उन्होंने पदोन्नति लेना ही अस्वीकार कर दिया क्योंकि उनके हक का स्कूल पोस्टिंग में पैसे लेकर किसी और को दे दिया गया। बताया जा रहा है की जो शिक्षक वरिष्ठ थे सूची में और जिन्हे मनचाही पोस्टिंग मिल सकती थी उन्हे वह पद काउंसलिंग में दिखाए ही नहीं गए जो उनके हक के थे वरिष्ठ होने के नाते और वह पद चूंकि पैसे लेकर किसी और को दे दिए गए इसलिए उन्होंने पदोन्नति नहीं लेने का निर्णय लिया और पदोन्नति छोड़ दी।

### शिक्षकों के वॉट्सऐप समूह में आदेश से पहले ही पोस्टिंग का बधाई संदेश हो गया था वायरल,वहीं से भ्रष्टाचार का मामला हुआ था उजागर

सरगुजा संभाग में संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय द्वारा जो पदोन्नति प्रक्रिया काउंसलिंग के द्वारा संपन्न की जा रही थी उसमें भ्रष्टाचार हो रहा है इसकी पोल कुछ शिक्षकों ने ही खोल दी थी जिन्होंने पैसे देकर पद पहले से अपने लिए तय कर लिए थे और उन्होंने आदेश निकलने का भी इंतजार नहीं किया था और अपनी पोस्टिंग जो उन्हे पैसों के बल पर मिली थी उसको लेकर उन्होंने वाट्सएप समूह में बधाई लिख दी थी और तब अन्य शिक्षकों को भ्रष्टाचार का मामला पता चल सका था और उन्होंने जाकर विरोध भी दर्ज किया था ।

### विरोध दर्ज करने पर शिक्षकों पर ही की थी सरगुजा जेडी ने कार्यवाही,कुछ को भयभीत करने किया था निलंबित

पदोन्नति पोस्टिंग में पैसों का खेल चल रहा है और इसकी पुष्टि जब शिक्षकों के सामने हुई जो एक शिक्षकों के ही वॉट्सएप समूह के माध्यम से पुष्टि हुई जिसमे बिना आदेश जारी हुए ही पोस्टिंग की बधाई दी जा रही थी तब कुछ शिक्षकों ने मामले में जेडी कार्यालय पहुंचकर इसका विरोध दर्ज करने का प्रयास किया था। विरोध दर्ज करने पहुंचे शिक्षकों को पहले तो जेडी ने बाहर से ही भगाने का प्रयास किया लेकिन जब शिक्षक विरोध करते रहे तो उनमें से ही कुछ को जेडी ने भयभीत करने निलंबित कर दिया और जिन्हे बाद में बहाल भी कर दिया जिससे बात आगे न बढ़े और भ्रष्टाचार का खेल पूरा हो सके।

### संशोधन कर,पद हाईड कर,आपसी सहमति के लिए मैदान तैयार कर...फर्जी चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर...शिक्षकों इस तरह दी गई मनचाही पोस्टिंग...

जेडी अंबिकापुर के द्वारा जिन शिक्षकों से पैसा लिया गया मनचाही पोस्टिग के लिए उनके लिए कई तरह से उनकी मनचाही पोस्टिंग की व्यवस्था की गई,सबसे पहले जितनों का संभव हो सका पद काउंसलिंग से हटाकर उन्हे लाभ दिया गया,जैसे वरिष्ठ जिन्हे पहले पद दिखाए जाने थे उन्हे वह पद रिक्त दिखे ही नहीं जो उनसे कनिष्ठ को मिल गए,फर्जी चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर भी लाभ दिया गया,जो या जिन्हे वह बीमारियां नहीं थीं जिनको लेकर काउंसलिंग में छूट मिलनी थी उन्हे भी चिकित्सा प्रमाण पत्र का लाभ दिया गया जबकि वह प्रमाण पत्र मेडिकल बोर्ड के होने चाहिए थे जबकि मेडिकल बोर्ड खुद जेडी बन बैठे थे और जिन्हे लाभ देना था उन्हे प्रदान किया। कुछ शिक्षकों के लिए आपसी सहमति का रास्ता भी तैयार किया गया भ्रष्टाचार करने के लिए,कुछ शिक्षक को पहले अलग अलग जिलों में पोस्टिंग दी गई जिससे विरोध जन्म न ले सके और फिर आपसी सहमति बताकर संशोधन कर दिया गया। संशोधन भी व्यापक स्तर पर किया गया,जिनका संशोधन करना था उन्हे पहले ही निर्देश था वह कार्यभार ग्रहण न करें और जहां मिल सके पोस्टिंग ले लें,बाद में संशोधन कर दिया जायेगा,हुआ भी वही,जिनसे पैसा लिया गया सभी का संशोधन हुआ और वह आज मनचाही जगह पर कार्यरत हो चुके हैं और जिन्होंने पैसा नहीं दिया या तो वह वंचित रह गए या दूरस्थ भेज दिए गए।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स की एक बैठक हसदेव इन में हुई संपन्न

- **आगामी 13 अगस्त को आयोजित सेमिनार को लेकर हुई चर्चा**

-संवाददाता-

**मनेन्द्रगढ़ 24 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** बीते शनिवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज की एक बैठक होटल हसदेव इन में आहूत की गई, जिसमें प्रमुख रुप से चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक में मन जिलाध्यक्ष आनंद अग्रवाल उद्योग विंग के जिलाध्यक्ष शोएब अख्तर प्रियम केजरीवाल पर मुख रूप से उपस्थित रहे,बैठक में 13 अगस्त को आयोजित होन वाले नवीन स्टार्टअप एवम सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सब्सिडी स्कीम एवं लोन स्कीम की जानकारी हेतु एक सेमिनार का आयोजन कर क्षेत्र के व्यवसायियों को शासन से अधिक से अधिक लाभ मिल सके इसके लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स के अगुवाई में 13 अगस्त को होने वाले इस आयोजन को सफल बनाने के



लिए एक आवश्यक बैठक बुलायी गई थी जिसमें जिसमें सब ने अपनी बातें रखी रफीक मेमन ने कहा ज़्यादा से ज़्यादा व्यापारियों को इस भव्य प्रोग्राम में जोड़ा जाना चाहिए, आनंद अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम आयोजन करने का उद्देश्य स्पष्ट है कि अधिक से अधिक क्षेत्र के लोगों को सरकार द्वारा प्रदत योजनाओं का लाभ मिल सके और उद्योग लगाने के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए चेंबर व्यापारिक हितों के लिए प्रतिबंध रहेगा, वही शोएब अख्तर ने चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र में बड़े उद्योगों की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ सरकार विभिन्न प्रकार की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन करना चाहती है क्षेत्र के व्यवसायियों को एवं खासकर महिला व्यवसाई सदस्यों को जिनके लिए सरकार 50 से 60 सब्सिडी देने की घोषणा कर चुकी है बढ़-चढ़कर इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए इसी के लिए आगामी 13 अगस्त को एमसीबी जिले के होटल हसदेव इन मनेंद्रगढ़ में भव्य सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश के उद्योग विभाग के बड़े अधिकारी बैंकों के रीजनल मैनेजर एवं विभिन्न शाखाओं के ब्रांच मैनेजर की उपस्थिति में कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होना है जिससे क्षेत्र में अधिक से अधिक उद्योग लगाए जा सके एवं सरकारी योजनाओं का सहजता और सरलता से आम आदमी तक उसका फायदा मिल सके इस अवसर पर युवा व्यवसाई रिंकेश खन्ना विनय जायसवाल प्रियम केजरीवाल सीए अरिहंत जैन पिंटू अग्रवाल रघुनाथ पोद्दार अमित चावड़ा योगेश ताम्रकार सिराज अंसारी पीयूष अग्रवाल शैलेश जैन अपूर्व कर सरदार गुरमीत सिंह जयंती लाल यादव रोहन फरमानिया राजेश मंगतानी अश्वनी अग्रवाल क्षेत्र के गणमान्य व्यापारी उपस्थित रहे, चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड उद्योग के सचिव प्रियम केजरीवाल ने क्षेत्र के सभी विषयों से आग्रह करते हुए कहा है कि आप सभी अपना कीमती समय निकल कर इस भव्य सेमिनार आमंत्रित किया है।

# सोलर सिंचाई पम्पों से खेतों में छायी हरियाली

## जिले के किसानों की आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी,अब वर्षभर हो रही खेती



-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 24 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** सौर सुजला योजना से आज जिले के दुर्गम क्षेत्रों तक भी किसानों के खेतों में फसल लहलहा रही है। जिले में छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग द्वारा प्राप्त सोलर पम्पों से सिंचाई आसान हुई है।
विकासखण्ड बैकुंठपुर के ग्राम कुड़ेली के किसान सुखराम प्रजापति बताते हैं कि उनके पास लगभग 5 एकड़ कृषि योग्य भूमि है, पहले वे सीजन में गेहूं की फसल लगाते थे लेकिन नल तथा वर्षाजल के माध्यम से पर्याप्त सिंचाई नहीं हो पाती थी, जब से उनके खेत में 3 एचपी का सोलर पम्प लगा है तब से पूरे वर्ष खेतों में हरियाली रहती है, उन्होंने बताया की पंप लगने के बाद उनकी आमदनी 60000 से अधिक हो गई है जिससे वे बहुत खुश हैं। इसी तरह 5 एकड़ में धान तथा सब्जी की खेती कर रहे हैं। ग्राम केसगवा के मोहर लाल बताते हैं कि सोलर पम्प लगने से पहले खेतों में केवल धान ही लगा पाते थे, सोलर पंप लगने के बाद अच्छी खेती से आमदनी भी अच्छी हो रही है।

# क्या परिवहन विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता की वजह से बस संचालक को मिला है मनमानी करने का वरदान ?

## नहीं थमने का नाम नहीं ले रहा राजहंस बस के संचालक की मनमानी,अवैध तरीके से संचालित कर रहा है रांची और पटना की यात्री बसें

- **फर्जी नामों पर बना रहा है बारात परमिट,दूसरे नाम के यात्रियों को बैठाकर कर रहा है धोखा घड़ी व फर्जीवाड़ा**
- **यात्रियों और प्रदेश सरकार के साथ कर रहा बड़ा षड्यंत्र, परिवहन विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे हैं कार्यवाही**

-रवि सिंह

**एमसीबी/अंबिकापुर 24 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्य परिवहन प्राधिकार के अधिकारियों के निर्देश के बाद भी राजहंस कंपनी के बस मालिक अपनी मनमानी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, बारात परमिट के नाम पर राजनगर से बिहार पटना अवैध तरीके से बस का संचालन कर रहे हैं विभाग बारात परमिट जारी करता है तो उसमें बारातियों के नाम की सूची होती है




जिन व्यक्तियों की सूची होगी वही व्यक्ति उस बस में यात्रा कर सकेगा, लेकिन राजहंस बस संचालक अपनी जालसाजी करने की आदत से बाज नहीं आ रहे हैं किसी अन्य व्यक्ति के नाम का परमिट लेकर किसी अन्य व्यक्ति को धोखे में बैठा कर फर्जी तरीके से यात्रियों को राजनगर से रांची बिहार पटना तक यात्रा करवा रहे हैं शासन और बीमा कंपनी की ओर से मिलने वाली राहत राशि से यात्रियों को वंचित कर रहा है सनद रहे कि इन बारात परमिटो में जिन जिन व्यक्तियो का नाम रजिस्टर्ड रहता है उस व्यक्ति को ही आपातकाल में लाभ मिलता है ऐसा मोटर व्हीकल एक्ट कहता है।
उल्लेखनीय है कि पिछले 1 माह से बैतूल और उसका भांजा इरशाद, एक अवैध बस का संचालन मध्यप्रदेश के राजनगर से बिहार पटना तक कर रहे हैं जिसमें यह समय-समय पर सीजी 15 एबी 1235 सीजी 15 ए बी 0773, बी आर 02 पी बी 8287 सीजी 15 एबी 0788 के अतरिक्त कई बसों में बारात परमिट लेकर सरकार और यात्रियों दोनों की आंख में धूल झोंक रहे हैं,88.8 और रिजर्व पार्टी परमिट संचालन के नियमों में यह आता है कि जिस व्यक्ति का नाम पर परमिट बना है वही व्यक्ति उस बस में बैठकर जा सकता है लेकिन बस संचालक दूसरे व्यक्तियों को बैठाकर फर्जी तरीके से बस का संचालन कर रहा है बेचारा सीधा-साधा यात्री जो इन सारे नियमों को नहीं जानता वह इन चतुर और षड्यंत्रकारी बस मालिकों के षड्यंत्र में फंस रहा है।

### संबंधित विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता से बस संचालक को मिला है अभय वरदान

संबंधित विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता से बस संचालक को मिल गया है अभय वरदान, यही वजह है कि वह नियमों की धज्जी उड़ा रहे हैं और अधिकारी हाथ में हाथ धरे बैठे हैं, चाहे जिसको जितनी शिकायत करनी है कर ले, पर कार्यवाही तो इस बस संचालक पर नहीं होगी, क्या जब तक अधिकारी ना बदल जाए और जब तक रायपुर के मंत्रालय से फरमान ना आ जाए तबतक कार्यवाही नहीं होगी? उल्लेखनीय है कि बीते दिवस बस मालिकों की शिकायत पर एसटीए के अधिकारियों ने अंबिकापुर के आईटीओ को निर्देश दिया था कि इस प्रकार की बस अवैध तरीके से राजहंस कंपनी के द्वारा चलाई जा रही है उसे तत्काल बंद किया जाए अधिकारियों ने उसकी जांच करने सड़कों पर बेड़ा लगाया लेकिन इस बीच में इस बस मालिक को उसके बस पकड़े जाने की खबर हो गई वह दूसरे रास्ते से भाग गया, बस मालिक अपनी काली कमाई की जुगत में यात्रियों के साथ धोखा कर रहा है वह प्रतिदिन मनेंद्रगढ़ चिरमिरी बैकुंठपुर सूरजपुर विश्रामपुर भटगांव जरही के यात्रियों को बारात परमिट के नाम पर बस में बैठा कर ले जाता है और पुनः बिहार से दूसरे यात्रियों को बैठा कर ले आता है, नियमों के तहत जो यात्री यहां से जा रहे हैं वही यात्री वहां से वापस लौटेंगे लेकिन या बस मालिक अपने लाभ के लिए यात्रियों के साथ धोखा कर रहा है वही बी आर नंबर की बसों का छत्तीसगढ़ के भाग का लगभग एक माह का रूपए 39000 टैक्स होता है उसे बिना पटाया बस का संचालन कर रहा है रामानुजगंज में आरटीओ का बैरियर भी है वहां पर प्रति गाड़ी रुपए 1000 रुपए प्रति चक्कर देकर आने की बात उसका कंडक्टर करता है।

### बस मालिक सरकार को लगा रहे चूना,परमिट बारात का ढो रहे यात्री

बस मालिक सरकार को भी चूना लगा रहा है 88,8 रिजर्व पार्टी एवं बारात परमिट मात्र 1 फेरे के लिए बनते हैं एक बार बस मालिक यहां से बारातियों को बैठा कर ले जाएगा और उन्हीं बारातियों को 1 दिन या 2 दिन बाद वापस ले आएगा लेकिन यह विभाग से सांठगांठ कर 1 महीने का परमिट लेता है और एक चक्कर का टैक्स पटाता है बस मालिक सरकार को अभी तक इस मार्ग पर लाखों रुपए का चूना लगा चुका है।



## निगम द्वारा प्रस्तावित सामुदायिक भवन स्थल पर किये जा रहे अतिक्रमण को हटाया गया

-संवाददाता-
कोरबा, 24 जुलाई 2023 (घटती घटना)

जिले के वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस मैगजीन भांठा में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्डवासियों के सुविधा हेतु उनकी मांग के अनुरूप सामुदायिक भवन का निर्माण प्रस्तावित है। निगम द्वारा उस भवन का 14 लाख रूपये से टेण्डर जारी किया जा चुका है। विगत दिनों वार्डवासियों के द्वारा एल्डरमेन के माध्यम से उक्त स्थल पर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत की गई। निगम द्वारा प्राप्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मौके में स्थल पर जांच के लिये निगम के अधिकारी गये। संबंधित अधिकारियों द्वारा यह पाया गया कि वहाँ के स्थानीय व्यक्ति द्वारा प्रस्तावित स्थल पर कब्जे की नियत से ईंट जुडाई का काम कराया जा रहा था, अधिकारियों द्वारा पूछे जाने पर कब्जे की नियत से ईंट जुड़ाई का काम किया जाना स्वीकार किये जाने पर संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी करते हुए बेजा कब्जा हटाने के लिये आदेशित किया गया। दूसरे दिन निगम को पुनः सूचना मिली कि उक्त संबंधित व्यक्ति द्वारा बेजा कब्जा हटाने में किसी प्रकार की रूचि न लेते हुए अपना अतिक्रमण कार्य जारी रखा, उसके पश्चात उक्त अतिक्रमण के विरूद्ध निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए उक्त अवैध निर्माण को हटाया गया। उक्त अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही अतिक्रमणकर्ता एवं बड़ी संख्या में उपस्थिति बस्तीवासियों की मौजूदगी में उन सबकी सहमति से की गई, किसी ने भी उसका विरोध नहीं किया।



निगम द्वारा इस प्रकार की अतिक्रमण करने की शिकायत प्राप्त होने पर अतिक्रमण दस्ते द्वारा नियमित रूप से अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही की जाती है।

## एसईसीएल गेवरा में डीजल चोरी को लेकर सीआईएसएफ जवान ने डंपर ऑपरेटर पर लगाया आरोप

-संवाददाता-
कोरबा, 24 जुलाई 2023 (घटती घटना)

कोरबा जिले में संचालित एसईसीएल के गेवरा परियोजना खदान के वेस्ट सेक्शन में डंपर ऑपरेटर और सीआईएसएफ जवान के बीच बीती रात तनातनी हो गई। स्थानीय सूत्र ने बताया कि मामला उस समय और बिगड़ गया जब सीआईएसएफ के जवान ने खुलेआम डम्पर ऑपरेटर को चोर कहा, और यह भी आरोप लगाया कि ऑपरेटरों की डीजल चोरों के साथ सांठगांठ है। विवाद बढ़ता देख मौके पर ट्रेड यूनियन के नेता और प्रबंधन के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित बड़े अधिकारी पहुंच गए। इस दौरान लगभग 50 से 60 डंपर ऑपरेटरों के द्वारा उत्पादन कार्य को रोक कर काम अवरुद्ध कर दिया गया। बताया गया कि ऑपरेटर ने मांग किया कि जब तक सीआईएसएफ जवान माफी नहीं मांगेगा तब तक डंपर ऑपरेटर काम पर नहीं जाएंगे। इसके बाद किसी तरह देर रात तक मामले में सुलह कराया जा सका। यहां बता दें कि गेवरा परियोजना खदान क्षेत्र में सुरक्षा उपनिरीक्षक धनाराम ने प्रतिबंधित क्षेत्र खदान के सद्भाव फेस में खड़े डम्पर बेलाज 150 टन क्र. 4085 के टंकी से पाइप डालकर डीजल चोरी करने की रिपोर्ट दीपका थाना में दर्ज कराया है। घटना दिनांक 23 जुलाई की रात 03 बजे पेट्रोलिंग पार्टी को इसकी सूचना मिली थी कि रौनक गुप्ता निवासी दीपका अपने साथियों के साथ डंपर की टंकी से डीजल निकालकर चोरी कर रहा है। पेट्रोलिंग पार्टी वहां पहुंची तब तक रौनक गुप्ता और उसके साथी वहां से भाग चुके थे। सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुए 200 लीटर डीजल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रौनक गुप्ता व साथियों पर 34, 379, 447 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# क्या विधायक का निज सचिव होना देता है नियम तोड़ने का अधिकार?

### भरतपुर सोनहत विधायक के निज सचिव की राजधानी पुलिस ने की पिटाई,नशे की हालत में पुलिस से की थी हुज्जतबाजी

### भाजपा ने भी लगाया आरोप,शराब और सत्ता की अवैध कमाई के नशे में चूर कांग्रेसी अब कानून से भी खुद को मान रहे ऊपर

### राजधानी में देर रात बार बंद कराने पहुंची पुलिस से की थी बहस,दी थी देख लेने की धमकी

### राजधानी पुलिस ने निज सचिव को बार से उठाकर लाया था थाने, विधायक के पहुंचने पर देर रात निज सचिव छोड़े गए

### विधायक के साथ एनएसयूआई के छात्र नेता भी पहुंचे थे पुलिस थाने, हुई जमकर बहसबाजी

### क्या विधायक का निज सचिव होने पर देर रात तक समय समाप्त होने पर भी बार में बैठने की,शराब पीने की होती है अनुमति, सवाल।

-रवि सिंह-
एमसीबी,24 जुलाई 2023
(घटती घटना)



खबर राजधानी की है लेकिन मामले में भरतपुर सोनहत विधायक का भी नाम सामने आ रहा है जिसमे वह देर रात राजधानी के एक पुलिस थाने पहुंचते हैं और वहां से अपने निज सचिव को छुड़ाकर लाते हैं, निज सचिव भी ऐसे वैसे मामले में नहीं शराब के मामले में पुलिस थाने लाए गए थे और जिसके पहले पुलिस ने जमकर उनकी खातिरदारी भी की थी जैसा की खबरों और सूत्रों से पता चल रहा है। विधायक के निज सचिव को शराब के नशे में पुलिसकर्मी के साथ हुज्जतबाजी करने का पुलिस ने जहां मजा चखाया वहीं उसे पकड़कर थाने ले गई और बाद में विधायक के हस्तक्षेप के बाद उसे देर रात छोड़ा गया तब वह वापस आवास लौट सका।
मामले को लेकर बताया जा रहा है की रायपुर के एक पुलिस थाने की पुलिस देर रात एक पब को बंद कराने पहुंची जहां कुछ लोग शराब पी रहे थे और यह भी बताया जा रहा है की वह छात्र संगठन एनएसयूआई के छात्र नेता थे साथ ही उनके साथ भरतपुर सोनहत विधायक का निज सचिव भी शराब पी रहा था,पब बंद कराने पहुंची पुलिस ने जब पब मालिक को पब बंद करने कहा क्योंकि रात के 11 बजे से ज्यादा का समय हो रहा था जो बार के नियमो के विपरीत था तब वहां उपस्थित विधायक के निज सचिव ने पुलिसकर्मी एस हुज्जतबाजी की और उसे देख लेने की धमकी दे डाली, पुलिसकर्मी जिसमे एक उप निरीक्षक भी शामिल थे को बात नागवार गुजरी और उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ विधायक के निज सचिव की पिटाई कर दी,पिटाई के बाद पुलिस ने सभी को उठाया और पुलिस थाने लेकर पहुंच गए जहां फिर देर रात तक छात्र नेताओं और पुलिस के बीच तकरार चलती रही और जब मामले की भनक भरतपुर सोनहत विधायक को लगी और उन्हे पता चला उनका निज सचिव भी पकड़ा गया है और उसके साथ पुलिस ने मारपीट की है वह भी थाने पहुंचे और फिर वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाकर किसी तरह उन्होंने अपने निज सचिव को छुड़ाया और अपने साथ वापस ले गए।

### क्या विधायक का निज सचिव होना देता है नियम कानून तोड़ने की इजाजत?

पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है की क्या विधायक का निज सचिव होना कानून से ऊपर होना होता है,क्या नियम कायदा तोड़ने की छूट होती है विधायक के निज सचिव के पास,इस मामले में तो यही समझ में आता है जहां विधायक का निज सचिव पब के निर्धारित समय के समाप्त होने के बाद भी देर रात तक पब में शराब पीता पाया जाता है और जब पुलिस सवाल करती है घर जाने को कहती है वह पुलिस को ही देख लेने की धमकी देता है। पूरे मामले में निज सचिव होना कानून से ऊपर होना होता है इस बात को लेकर सवाल जरूर खड़े होते हैं।

### सूत्रों की मानें तो जिसे पुलिस ने पिटा वह विधायक गुलाब कमरो का निकला निज सचिव

मामला जो सामने आया है उसके अनुसार विशाल गुप्ता जो भरतपुर सोनहत विधायक के निज सचिव हैं जिनकी रायपुर के एक पुलिस थाने की पुलिस ने पिटाई की है मामले में विधायक के निज सचिव पर शराब के नशे में पुलिसकर्मियों से हुज्जत करने की बात सामने आई है,वहीं पुलिसकर्मियों को वह देख लेने की भी बात कह रहे थे जो बात पुलिसकर्मियों को नागवार गुजरी और उन्होंने निज सचिव की पिटाई कर दी और उन्हे थाने ले गए। पूरा मामला जो सामने आया है उसके अनुसार रायपुर के एक पुलिस थाने की गस्त टीम गस्त पर थी और उसे क्षेत्र में एक पब खुला हुआ नजर आया जो देर रात तक खुला था और वहां शराब पारोसी जा रही थी जबकि पब का समय रात 11 बजे तक ही निर्धारित है और उसके बाद पब बंद किए जाने का निर्देश है। पुलिस ने पब मालिक को निर्देश दिया की पब बन करें तो उसने बताया कुछ लोग बैठे हैं और उनके जाने के बाद बंद कर दिया जायेगा वहीं पुलिसकर्मी और पब मालिक की बातचीत में ही विधायक के निज सचिव कूद पड़े जो पब में ही अन्य के साथ शराब का आनंद ले रहे थे और उन्होंने पुलिसकर्मी से हुज्जत करनी शुरू कर दी साथ ही देख लेने की भी वह बात करने लगे,पुलिसकर्मियों को जिनमे एक उप निरीक्षक भी शामिल थे उन्हे बात नागवार गुजरी उन्होंने पहले तो निज सचिव की पिटाई की बाद में उसे पुलिस थाने उठा ले गए जहां बाद में छात्र संघ के नेताओं ने देर रात तक हो हल्ला किया और जहां विधायक भी पहुंचे तब जाकर निज सचिव को छोड़ा गया।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै VINOD KUMAR AGRAWAL S/O JAGMANDAR PRASAD AGRAWAAL निवासी SADAR ROAD,AMBIKAPUR DISTT -SURGUJA, PIN- 497001 ,यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्यागकर नया नाम VINOD GARG S/O JAGMANDAR PRASAD AGRAWAAL रख लिया है अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम VINOD GARG S/O JAGMANDAR PRASAD AGRAWAAL से जाना जाये पहचाना जाये।

VINOD GARG
S/O JAGMANDAR PRASAD
AGRAWAAL
SADAR ROAD,AMBIKAPUR
ADISTT -SURGUJA,
PIN- 497001


## तेजी से फैल रहे आई फ्लू से बचाव हेतु जिले वासियों से की गई अपील

### लक्षण ग्रस्त व्यक्ति तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर से कराएं उपचार

-संवाददाता-
कोरबा, 24 जुलाई 2023
(घटती घटना)



जिले में हो रही अनिश्चित बारिश एवं उमस के बीच लोगों में आई-फ्लू का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। एक-दूसरे के संपर्क में आने से स्कूली बच्चों एवं उनके परिवार के सदस्य भी आई-फ्लू से संक्रमित हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन 20-25 आई-फ्लू के मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी ने कहा कि आई-फ्लू से संक्रमित मरीजों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। चिकित्सकीय उपचार एवं आवश्यक सावधानी बरतने से यह रोग कुछ दिनों में ठीक हो जाता है। उन्होंने आई-फ्लू संक्रमण के लक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस संक्रमण से मरीज की आंखों में सूजन और दर्द के साथ आँखे लाल होना, एक या दोनो आँख में जलन या खुजली होना, आँखों से असामान्य रूप से अधिक आँसू तथा सफेद गाढ़ा डिस्चार्ज निकलना, आँखो में किरकिरी महसूस होता है। सीएमएचओ ने कहा कि आई-फ्लू के संक्रमण से कुछ सावधानियाँ अपनाकर बचा जा सकता है। आँखों में इन्फेक्शन होने पर उसे बार-बार मत छूएं, आँख से पानी आने की स्थिति में उसे पोंछने के लिए साफ टिश्यू का इस्तेमाल करें, जिसे दोबारा प्रयोग में नहीं लाएं साथ ही आंख साफ करने के लिए रुमाल का उपयोग करने पर उसी रुमाल से दूसरी आँख साफ ना करें, इससे संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। अपनी आँखों को साफ ठंडे पानी से निरंतर धोते रहें एवं समय-समय पर अपना हाथ भी साफ करते रहें। अपने मोबाईल, तौलिया या पिलो कवर किसी को उपयोग करने न दें। साथ ही दूसरों की इस्तेमाल की हुई चीजों से दूरी बनाकर रखें। आंखों के सुरक्षा के लिए काले चश्मे का उपयोग करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी ने उपरोक्त लक्षण से ग्रसित व्यक्तियों को आवश्यक सावधानी बरतते हुए तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर उपचार कराने एवं डॉक्टर के परामर्श से ही दवाइयों का सेवन करने की जिलेवासियों से अपील की है।

### 2 लाख 50 हजार रूपये कीमत के नशीली दवाईयों सहित 2 आरोपियों को थाना भटगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

## सूरजपुर पुलिस ने किया नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

-संवाददाता-
सूरजपुर, 24 जुलाई 2023
(घटती घटना)




पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला के द्वारा अवैध कारोबार करने वालों लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए जेल की सलाखो के पीछे भेजने तथा क्षेत्र में सूचना तंत्र को और मजबूत करने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। जिसके बाद से ही अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इसी क्रम में दिनांक 23.07.2023 को थाना भटगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक स्कूटी में 2 व्यक्ति नशीली दवाई लेकर बिक्री करने के लिए चंदौरा होते हुए जरही की ओर जा रहे है

सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना भटगांव की पुलिस टीम ने ग्राम जरही में घेराबंदी कर स्कूटी सहित अंजनी कुशवाहा पिता रामकिशुन कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी कटनेशा, थाना बसंतपुर, जिला बलरामपुर एवं राहुल शर्मा पिता साधुसरन शर्मा उम्र 29 वर्ष ग्राम जरही, थाना भटगांव को पकड़ा जिनके कब्जे से एविल इंजेक्शन 239 नग, नशीली टेबलेट 1800 नग, ब्रूफॉन इंजेक्शन 218 नग व रेक्सोजेसिक इंजेक्शन 20 नग जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रूपये है। मामले में नशीली दवाईयां व घटना में प्रयुक्त स्कूटी वाहन जप्त कर धारा 21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में हुई जिसमें थाना प्रभारी भटगांव फर्दीनंद कुजूर, एसआई सरफराज फिरदौसी, नवलकिशोर दुबे, एएसआई सुमंत पाण्डेय, संतोष सिंह, गुरू प्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, आरक्षक कमलेश्वर सिंह व विजय गुप्ता सक्रिय रहे।

## कांग्रेस के प्रदेश चुनाव समिति में मंत्री जयसिंह अग्रवाल को किया गया शामिल

-संवाददाता-
कोरबा, 24 जुलाई 2023
(घटती घटना)



आगामी विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही राजनीतिक पार्टियां सक्रिय हो चुकी हैं। शहर से लेकर गांव तक कार्यकर्ताओं का मनोबल पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा बढ़ाया जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस भी चुनावी रणनीति बनाने में जुट चुके है। वही कोरबा में कांग्रेस की हैट्रिक जीत के क्रम को बरकरार रखने के उद्देश्य से जिले के विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने जहां अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं, तो भाजपा भी सत्ता में वापसी की कवायद में जोर शोर से भिड़ गए है । इसी कड़ी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश चुनाव समिति का गठन कर दिया, जिसमें प्रदेश के दिग्गज कांग्रेसी नेताओं को जगह दी गई है। इसी कड़ी में चुनावी रणनीति बनाने में माहिर लगातार तीन बार के विधायक सह वर्तमान प्रदेश राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को भी समिति में किया गया शामिल द्ब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव के.सी. वेणु गोपाल ने आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए प्रदेश चुनाव समिति के गठन को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। घोषणा की गई छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव समिति में दीपक बैज को चेयरमैन बनाया गया है। चुनाव समिति में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत 09 मंत्रियों को शामिल किया गया है। इस समिति में कुल 22 नेताओं को जगह मिली जिसमें राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी शामिल किए गए हैं।


### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छ.ग.

रा.प्र.क्र.../अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति शीला पाण्डेय पति अनिल पाण्डेय जाति-ब्राम्हण निवासी-ग्राम-स्टाफ कॉलोनी बिजुरी पोस्ट व थाना बिजुरी तह0 कोतमा जिला अनुपपुर (म.प्र.) द्वारा ग्राम-सूरजपुर, प.ह.नं. 11, रा.नि.पोस्ट व थाना बिजुरी तह. कोतमा जिला अनुपपुर (म.प्र.) द्वारा ग्राम-सूरजपुर, प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. सूरजपुर तहसील-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर छ0ग0 स्थित भूमि खसरा क्र. 1726/4 रकबा 0.022 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त सम्बंध में ग्राम-सूरजपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 28/7/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/07/2023 को न्यायलयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर



### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी(डायवर्सन) प्रतापपुर,सूरजपुर,(छ.ग)

**उदघोषणा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित कुमार वर्मा आ0 रामचरित्र वर्मा जाति कुर्मी निवासी ईश्वर पट्टी रनीवा तहसील भीटी जिला अम्बेडकर नगर (उ0प्र0) तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम मदननगर तहसील प्रतापपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 588/1, 942/5 रकबा 0.18, 0.22 हे0 भूमि को छ0ग0भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अन्तर्गत कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि इस पर किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 27/07/2023 तक अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोईविचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/07/2023 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी(रा) प्रतापपुर,सूरजपुर (छ.ग.)

# स्पेन दौरे पर अपना सर्वश्रेष्ठ देना

## भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों का लक्ष्य





**नई दिल्ली,24 जुलाई 2023।** भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें 25 जुलाई से टेरासा में शुरू होने वाले 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन - अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए तैयार हैं।

टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष हॉकी टीम इंग्लैंड, नीदरलैंड और मेजबान देश स्पेन का सामना करने के लिए तैयार हैं, जबकि भारतीय महिला हॉकी टीम इंग्लैंड और स्पेन से भिड़ेगी।यह टूर्नामेंट भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह उनके लिए बहुप्रतीक्षित हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 से पहले तैयारी कार्यक्रम के रूप में काम करेगा, जिसके बाद हांग्जो एशियाई खेल 2023 होंगे। टूर्नामेंट से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, स्पेन में टूर्नामेंट हमारी रणनीतियों को बेहतर बनाने और दुर्जेय विरोधियों के खिलाफ हमारी क्षमताओं को मापने के लिए एक आदर्श मंच प्रस्तुत करता है। यह महत्वपूर्ण आयोजन एक लिटमस टेस्ट के रूप में काम करेगा, जो हमें सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में सक्षम करेगा, जो अंततः प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और बहुप्रतीक्षित एशियाई खेलों दोनों के लिए हमारी तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह मूल्यवान प्रदर्शन हमारे प्रदर्शन को ऊंचा करेगा और आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए हमारी तैयारी को मजबूत करेगा।



## शुभंकर शर्मा गोल्फ मेजर में शीर्ष 10 में स्थान हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने

**लंदन ,24 जुलाई 2023।** शुभंकर शर्मा 151 साल पुराने ब्रिटिश ओपन में पहले गोल्फ मेजर में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले इतिहास में तीसरे भारतीय गोल्फर बन गए। तूफानी और गीले मौसम में अपना चौथा और अंतिम राउंड खेल रहे शर्मा ने एक अंडर के स्कोर के साथ अपना काम पूरा किया और 8वें स्थान पर रहे। इस वर्ष रॉयल लिवरपूल गोल्फ क्लब में रोटेशन द्वारा खेले गए टूर्नामेंट के लिए उनका कुल स्कोर 279 था। उन्होंने पहले राउंड में शानदार तीन अंडर का स्कोर हासिल किया। उनका चौथे राउंड का स्कोर एक अंडर 70 था, जैसा कि तीसरे राउंड में था।

प्रतियोगिता में वह कुल मिलाकर पांच अंडर का था। ब्रिटिश ओपन के अलावा, गोल्फ में प्रमुख यूएस ओपन, यूएस मास्टर्स और यूएस पीजीए चैम्पियनशिप हैं।

भारतीय गोल्फरों में पिछले दो शीर्ष 10 फिनिशर जीव मिल्खा सिंह और अनिर्बान लाहिड़ी हैं। दोनों ने यूएस पीजीए चैंपियनशिप में गौरव हासिल किया; पहला 2008 में और दूसरा 2015 में। सिंह संयुक्त 9वें स्थान पर रहे, जबकि लाहिड़ी संयुक्त 5वें स्थान पर रहे। ब्रिटिश ओपन अमेरिका के बाएं हाथ के ब्रायन हरमन ने जीता।

## हरमनप्रीत कौर ने बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज ड्रॉ करने के बाद किया ऐसा काम कि आईसीसी को लगाना पड़ गया जुर्माना

**ढाका,24 जुलाई 2023।** बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में भारतीय टीम मेजबान को हरा नहीं सकी और मैच के साथ सीरीज भी ड्रॉ पर खत्म हुई। ढाका के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर अंपायरिंग को लेकर काफी नाराज दिखी। उन्होंने मैच खत्म होने के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान भी खराब अंपायरिंग का जिक्र किया। सिर्फ यही नहीं आउट होने के बाद हरमनप्रीत ने स्टंप पर बल्ला भी माार था।



इसी बीच आईसीसी ने इसे नियमों का उल्लंघन माना है। आईसीसी ने हरमनप्रीत कौर पर अंपायर के साथ बहस के कारण जुर्माना लगाया गया है। हरमनप्रीत कौर ने गुस्से में अपने बैट को विकेट पर दे मारा था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं अब हरमनप्रीत कौर को मैदान पर अनुचित व्यवहार के कारण है मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक हरमनप्रीत कौर पर 50 प्रतिशत मैच पर अनुचित व्यवहार के लिए और 25 प्रतिशत मैच के बाद उनके बयान को लेकर उन्हें सजा दी गई है। इसके अलावा हरमनप्रीत कौर को डिमेरिट अंक की भी सजा मिली है। हरमनप्रीत कौर ने 21 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 14 रन बनाए थे।

## इंडिया टीम ने बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड

### » सबसे तेज रन जोड़ने में रोहित-यशस्वी ने किया कमाल

**वेस्टइंडीज ,24 जुलाई 2023।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच जारी टेस्ट मैच में रोहित ब्रिगेड ने अपनी दूसरी पारी में तेजी से रन बनाए है। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में दो विकेट के नुकसान पर 181 रन बना कर पारी घोषित कर दी है। इस दौरान इशान किशन ने ऋषभ पंत के बल्ले से धमाकेदार अर्धशतक भी जड़ा। मैच को बारिश के कारण बीच में रोकना भी पड़ा था। अब मेजबान टीम को 365 रनों का लक्ष्य मिला है, जिसमें दो विकेट खोकर टीम 76 रन बना चुकी है।



इस मैच में भारत ने शानदार रिकॉर्ड भी बनाया है। मैच में भारतीय टीम ने 100 रन सिर्फ 74 गेंद पर ही बना लिए है। भारत ने इस दमदार गति से रन बनाकर शानदार रिकॉर्ड भी बनाया है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 100 रन बनाने का रिकॉर्ड भी भारतीय टीम के पास आ गया है। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने (57 रन, 44 गेंद, 5 फोर, 3 सिक्स) और यशस्वी जायसवाल (38 रन, 30 गेंद, 4 फोर, 1 सिक्स) की पारी खेली। मैच के दर्शकों को टेस्ट मैच में टी20 का मजा मिला। इस मैच में रोहित शर्मा ने सिर्फ 35 गेंदों में ही अपना अर्धशतक पूरा किया।

भारत ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 100 रन बनाकर इतिहास रच दिया है। भारत से पहले ये रिकॉर्ड श्रीलंका की टीम के पास था। श्रीलंका की टीम ने टेस्ट क्रिकेट में 80 गेंदों में 100 रन बनाए थे। श्रीलंका ने ये उपलब्धि बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मुकाबले में हासिल की थी।

### रोहित-यशस्वी ने किया कमाल

इस मैच में रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट सीरीज में नया रिकॉर्ड कायम किया है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने लगातार टेस्ट मैच की दोनों इनिंग्स में सर्वाधिक पार्टनरशिप की है। दोनों खिलाड़ियों ने ये शानदार उपलब्धि दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन हासिल की है। मैच की पहली पार्टनरशिप में दोनों ने 139 रन बनाए थे। वहीं दूसरी पार्टनरशिप में दोनों ने 98 रन बनाए है। बता दें कि पहले टेस्ट मैच में रोहित और यशस्वी ने पहली और दूसरी पारी को मिलाकर 229 रनों की पार्टनरशिप की थी। वहीं दो मैचों की टेस्ट सीरीज में दोनों ने 466 रनों की पार्टनरशिप की है। इसी के साथ दोनों ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ किसी भारतीय ओपनिंग जोड़ी द्वारा बनाए गए ये सर्वाधिक रन है।

इस मैच में रोहित शर्मा और यशस्वी ने 12.2 ओवर में 100 रन बनाए, जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 100 रन थे।

इस मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 24 ओवर में ही 181 रन बनाए।

रोहित और यशस्वी ने दूसरी पारी में 28 गेंदों में 50 रन जोड़े। पहले विकेट के लिए ये भारतीय टीम में सबसे तेज साझेदारी है।

रोहित ने टेस्ट मैच में लगातार 30वीं बार दहाई का आंकड़ा छूकर महेला जयवर्धने का रिकॉर्ड तोड़ा। महेला जयवर्धने 29 बार 10 से अधिक रन टेस्ट क्रिकेट में बना चुके है।



## पुरुष ट्रैप टीम ने जूनियर विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2023।** बख्तियारुद्दीन मालेक, शार्दुल विहान और आर्य वंश त्यागी की भारतीय पुरुष ट्रैप टीम ने कोरिया के चांगवोन में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के अंतिम से पहले वाले दिन रजत पदक जीता।

तीनों ने संयुक्त रूप से 346 का स्कोर किया और शॉटगन पावरहाउस इटली ने कुल 356 के साथ स्वर्ण पदक जीता, जिससे चैंपियनशिप में भारत का अब तक का 15वां पदक हासिल हुआ।

इससे पहले कोई भी भारतीय पुरुष ट्रैप निशानेबाज़ फ़ाइनल में जगह नहीं बना सका था, हालांकि, महिला ट्रैप में आशिमा अहलावत ने शीर्ष छह में जगह बनाई थी, लेकिन फ़ाइनल में भी उसी नंबर पर रही।

आशिमा ने क्वालिफिकेशन में 109 का स्कोर किया और फिर छह-तरफा शूट-ऑफ में तीन अंतिम स्थानों में से एक हासिल किया। टीम की साथी प्रीति रजक उस शूट-ऑफ में बाहर होने वाली पहली खिलाड़ी थीं।

प्रीति, भाव्या और आद्या त्रिपाठी की तिकड़ी भी टीम प्रतियोगिता में कुल 312 अंक के साथ टीम कांस्य पदक से चूक गई, जबकि चीन 314 के साथ आगे रहा। यूएसए और इटली ने क्रमशः स्वर्ण और रजत जीता।

पदक तालिका में, भारत के पास 14 पदक (चार स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य) हैं और वह चीन के बाद दूसरे स्थान पर है, जिसके पास 12 स्वर्ण, नौ रजत और पांच कांस्य के साथ 26 पदक हैं।

## इंडिया-पाक फाइनल मैच में साय सुदर्शन को दिए आउट पर मचा बवाल



### » फैंस ने कहा भारत के साथ हुई बेइमानी

**करांची,24 जुलाई 2023।** भारत ए और पाकिस्तान ए के बीच इमर्जिंग टीम्स एशिया कप 2023 का फाइनल मुकाबला खेला गया था। इस मैच में भारत की टीम 128 रन से हार गई और खिताब पर पाकिस्तान की टीम का कब्जा हो गया। इस मैच में पाकिस्तान के तैयब ताहिर की 108 रन की आक्रामक पारी और स्पिनर सूफियान मुकीम द्वारा तीन विकेट झटके जाने की बदौलत भारत के हाथ से ये मैच निकल गया।

इसी बीच फाइनल मैच को लेकर काफी हंगामा हो रहा है। दरअसल फाइनल मैच में भारत ए के खिलाड़ी साई सुदर्शन का आउट होना विवाद में आ गया है। जिस प्रकार से साई सुदर्शन को अंपायर ने आउट करार दिया उस पर भारतीय टीम के फैंस ने भी आपत्ति जाहिर की है। फैंस ने सोशल मीडिया पर आरोप लगाया है मैच में भारत के खिलाफ खराब अंपायरिंग की गई है। फैंस का मानना है कि जिस गेंद पर साई सुदर्शन को पवेलियन भेजा गया वो नो बॉल थी। ऐसे में साई को आउट करार दिया जाना गलत फैसला है। साई सुदर्शन पाकिस्तानी गेंदबाज अरशद इकबाल के ओवर में आउट हुए थे।

अरशद ने नौवां ओवर फेंकने के दौरान साई को अपना शिकार बनाया। साई 28 गेंदों में चार चौकों की मदद से 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। नौवों ओवर की चौथी गेंद पर साई आउट हुए जो काफी विवादित रही। दरअसल फैंस का कहना था कि ये गेंद नो बॉल के काफी करीब थी। इस बॉल को नो बॉल करार दिया जाना चाहिए था मगर थर्ड अंपायर ने साई को आउट किया। ये मामला काफी करीबी था। फैंस इस फैसले के खिलाफ लागतार सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे है।

ऐसा रहा था मुकाबला

तैयब ताहिर की 108 रन की आक्रामक पारी के बाद वामहस्त स्पिनर सूफियान मुकीम (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ए ने एमर्जिंग एशिया कप एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ए को 128 रन से शिकस्त देकर अपने खिताब का बचाव किया। गत चैम्पियन पाकिस्तान ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 352 रन बनाने के बाद भारतीय पारी 40 ओवर में 224 रन पर समेट दी।

भारत ए के लिए सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 51 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 61 रन बनाये। साई सुदर्शन (28 गेंद में 29 रन) और कप्तान यश धुल (41 गेंद में 39 रन) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ए के लिए सूफियान ने 10 ओवर में 66 रन खर्च कर तीन विकेट लिये जिसमें अभिषेक और धुल का विकेट भी शामिल है। टीम के लिए अरशद इकबाल, मेहरान मुमताज और मोहम्मद वसीम ने दो-दो जबकि मुबासिर खान ने एक विकेट चटकाया।

भारत ए की टीम में लगभग सभी खिलाड़ी अंडर-23 आयु वर्ग के थे जिन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव नहीं है। पाकिस्तान ए टीम में कम से कम आठ ऐसे खिलाड़ी थे जिन्हें पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम के प्रतिनिधित्व का अनुभव है। पाकिस्तान ए के लिए ताहिर ने 71 गेंद की पारी में 12 चौके और चार छक्के जड़े। उन्होंने छठे विकेट के लिए मुबासिर खान (47 गेंद में 35 रन) के साथ 126 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 300 के पार पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी लय में चल रहे सुदर्शन और अभिषेक ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलायी। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में ही टीम के रनों का अर्धशतक पूरा कर दिया।

पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण में नाबाद शतक जड़ने वाले सुदर्शन को नौवें ओवर में अरशद ने आउट कर पहले विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी को तोड़ा। इस विकेट के बाद भारतीय टीम के रनों पर अंकुश लगा और 13वें ओवर में निकिन जोस (15 गेंद में 11 रन) अंपायर के खराब फैसले से पगबाधा हो गये। वसीम की गेंद उनके कमर के पास लगी थी लेकिन अंपायर ने इसे पगबाधा करार दिया। अभिषेक और कप्तान यश धुल ने चतुराई से बल्लेबाजी करते हुए 16वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। इसी ओवर में अभिषेक ने सूफियान मुकीम की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। धुल ने इस गेंदबाज के खिलाफ 18वें ओवर में दो चौके जड़ दबाव कम किया।

अभिषेक 20वें ओवर में छक्का जड़ने के बाद आउट हो गये। उन्होंने 51 गेंद की पारी में पांच चौका और एक छक्का लगाया। जरूरी रन गति को कम करने का दबाव भारतीय बल्लेबाजों पर हावी हो रहा था और टीम ने 25वें और 26 वें ओवर में दो रन के अंदर निशांत सिंधू (10 रन) और धुल के विकेट गंवा दिये। ध्रुव जुरेल (12 गेंद में नौ) और रियान पराग (17 गेंद में 24 रन) को मुमताज ने चलता कर भारत की उम्मीदें तोड़ दी। हर्षित राणा (14) ने नौ गेंद की पारी में दो छक्के जड़ कर रोमांच को थोड़ा बढ़ाया लेकिन वह सूफियान का तीसरा शिकार बन गये जिससे 32वें ओवर में टीम का स्कोर आठ विकेट पर 194 रन हो गया। आखिरी के दो विकेट ने 46 रन जोड़कर पाकिस्तान के जीत का इंतजार को बढ़ाया। भारत की ओर से हंगरगेकर और रियान ने दो-दो जबकि हर्षित , सुथार और सिंधू ने एक-एक विकेट चटकाये।

## नोआ लाइल्स ने तोड़ा उसेन बोल्ट का रिकॉर्ड

**लंदन,24 जुलाई 2023।** नोआ लाइल्स ने मात्र 20 सेकंड से भी कम समय में सर्वाधिक 200 मीटर दौड़ को पूरा किया है। ये रिकॉर्ड अब तक उसेन बोल्ट के नाम था। ये उपलब्धि नोआ लाइल्स ने कुछ समय पूर्व ही हासिल की है। इस रिकॉर्ड के साथ ही नोआ लाइल्स चर्चा में आ गए है।



नोआ लाइल्स ने 23 जुलाई को लंदन एथलेटिक्स मीट में लेट्साइल टेबोगो को हराकर 19.47 सेकंड के समय के साथ दौड़ जीती। 200 मीटर में 20 सेकंड के अंदर यह उनकी 35वीं दौड़ थी। इस जीत के साथ वो 20 सेकेंड से कम समय में रेस जीतने के मामले में उसेन बोल्ट से आगे निकल गए है।

## सूर्या के जन्मदिन पर जारी हुई कंगुवा की पहली झलक



दक्षिण भारतीय सिनेमा के मेगास्टार सूर्या पिछले काफी समय से अपनी फिल्म कंगुवा को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसकी आज पहली झलक सामने आ गई है। मेकर्स ने अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की पहली झलक साझा कर प्रशंसकों को तोहफा दिया है। शिवा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के टीजर में अभिनेता एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं, जिसे देख हर कोई उनका मुरीद हो गया है।

सूर्या ने ट्विटर पर कंगुवा की झलक साझा करते हुए अलग-अलग भाषा में लिखा, क्या बात है। करीब 2 मिनट के वीडियो में जंगल की अंधेरी रात के बीच शक्तिशाली आदिवासी नेता कांगुवा दुश्मन के खिलाफ युद्ध छेड़कर अपना क्रोध प्रकट करते हुए नजर आ रहे हैं। एक शक्तिशाली और क्रूर योद्धा के रूप में सूर्या का लुक हैरान कर देने वाला है। फिल्म में धमाकेदार विजुअल के साथ पहले कभी न देखे गए एक्शन सीन भी देखने को मिलेंगे।

कंगुवा की झलक सामने आने के बाद से प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए हैं। किसी को सूर्या का लुक पसंद आ रहा है तो कोई उनके हाव-भाव की तारीफ कर रहा है। एक ने लिखा, यह रोंगटे खड़े करने वाला है तो दूसरे ने सूर्या के आखिरी में आए क्लोज-अप शॉट की तारीफ करते हुए लिखा, मुझे उम्मीद है शिवा और उनकी टीम धमाकेदार वापसी करेगी। अभी तक इस टीजर को 5 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। स्टूडियो ग्रीन ने 2024 की शुरुआत में दुनियाभर में बड़े पैमाने पर फिल्म को रिलीज करने के लिए शीर्ष वितरकों के साथ अनुबंध किया है। अभी फिल्म की पहली झलक को 5 भाषाओं में जारी किया गया, जिसमें हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ शामिल हैं। जल्द ही अन्य भाषाओं में भी यह उपलब्ध होगी। यह फिल्म 10 अलग-अलग भाषाओं में 3डी में रिलीज होगी, जो दर्शकों को एक नए तरह का अनुभव देगी।

कंगुवा में सूर्या के साथ दिशा पाटनी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं, जो इससे तमिल सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म के अन्य कलाकारों के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। f

## पिंक शिमरी साड़ी में एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती की खूबसूरती पर फैंस ने लुटाए दिल



एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती अपनी ग्लैमरस अदाओं और खूबसूरती से किसी को भी अपना बनाने का हुनर बखूबी जानती हैं। वहीं, उनकी पिंक साड़ी में स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने पिंक कलर की शिमरी साड़ी में बेहद ही स्टनिंग और ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। ओपन हेयर स्टाइल के साथ एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। डीपनेक स्टाइलिश ब्लाउज के साथ अपनी बैक फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। फिल्मी करियर से ज्यादा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली रिया चक्रवर्ती अपने बोल्ड अंदाज से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराए रहती हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती की हसीन अदाएं, कमसिन अंदाज और कातिलाना आंखे किसी का भी दिल चुरा लें। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने ओपन हेयर स्टाइल और मेकअप में अपने हुस्न के जलवे दिखाए, जिन्हें देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। एक्ट्रेस इस आउटलुक में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। रिया चक्रवर्ती फिल्म एक्ट्रेस हैं , लेकिन फिल्मी करियर उनका कुछ खास नहीं रहा। साथ ही सुशांत केस के बाद उन्हें फैंस की काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी।

## हीरो कार्तिकेय-नेहा शेट्टी की बेदुरलंका 2012,25 अगस्त को रिलीज होगी

युवा और प्रतिभाशाली अभिनेता कार्तिकेय गुम्माकोंडा की अगली फिल्म अपने कॉन्सेप्ट पोस्टर के ऑनलाइन आने के बाद से ही शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उम्मीद है कि यह एक रोमांचक ग्रामीण ड्रामा होगी, इसका शीर्षक बेदुरुलंका 2012 है और इसका निर्देशन नवोदित क्लैक्स ने किया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बैनर लोक्या एंटरटेनमेंट्स ने इसे वित्तपोषित किया है। डीजे टिल्लू फेम नेहा शेट्टी ने मुख्य भूमिका निभाई है। बाजार में फिल्म को लेकर चल रही तमाम अटकलों के बीच, बेदुरुलंका 2012 के निर्माताओं ने आखिरकार आज एक दिलचस्प पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख 25 अगस्त, 2023 की घोषणा कर दी है।

निर्माता रवींद्र बेनर्जी मुप्पानेनी (बेनी) और प्रस्तुतकर्ता सी. युवराजू इसकी विश्वव्यापी रिलीज को लेकर बेहद आश्वस्त हैं। इस अवसर पर बोलते हुए निर्माता बेनी कहते हैं, हम पूरे जोरों पर एक भव्य रिलीज का लक्ष्य बना रहे हैं। दिलचस्प प्रचार सामग्री आने वाली है। हम आपके लिए 25 अगस्त को सिनेमाघरों में सीजन का एक सौंदर्यपूर्ण, रहस्यमय और प्रफुल्लित करने वाला मनोरंजन ला रहे हैं। हम हैं मुझे पूरा यकीन है कि यह पागलपन भरा नाटक गोदावरी आधारित ग्रामीण नाटकों के लिए एक मानक स्थापित करेगा। निर्देशक क्लैक्स कहते हैं, हमें अपनी बेदुरलंका 2012 की रिलीज




की तारीख की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। 25 अगस्त को आप सभी को बेडुरलंका की दुनिया में ले जाते हुए, हम आपको सिनेमाघरों में आरओएफएल के लिए एक आउट-एन-आउट मनोरंजन प्रस्तुत करते हैं। कार्तिकेय और नेहा शेट्टी की केमिस्ट्री, सौंदर्यपूर्ण दृश्य, पात्रों का पागलपनपूर्ण अभिनय और मनीशर्मा गारू का सुंदर संगीत इस फिल्म के कई मुख्य आकर्षणों में से एक है। इसे दुनिया भर में एक भव्य रिलीज की घोषणा करते हुए, निर्माताओं ने पहले से ही प्रचार को पटरी पर ला दिया है। कलाकारों की टोली में अजय घोष, सत्या, राज कुमार कासिरेड्डी, श्रीकांत अयंगर, ऑटो राम प्रसाद, गोपराजू रमना, एलबी श्रीराम, सुरभि प्रभावती, किट्टय्या, अनितानाथ, दिव्या नारनी और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं।

CMYK

# रायपुर, बिलासपुर और कोरबा से लौटी आईटी टीम

» 6 दिन चली जांच में उजागर हुआ कई करोड़ का काला चिट्ठा

**रायपुर,24 जुलाई 2023(ए)।** रायपुर, बिलासपुर और कोरबा से आईटी की टीम अपनी पूरी जांच के बाद वापस लौट गई है। मिली जानकारी के अनुसार आयकर विभाग को लोहा एवं कोयला कारोबारी, आरामिल संचालक और रेलवे ठेकेदारों के ठिकानों में 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की गड़बड़ी मिली है।

आयकर की टीम को कच्चे में 10 करोड़ के कैश ट्रांजेक्शन, 10 करोड़ वेतन का भुगतान, 15 करोड़ के लेनदेन के साथ ही गोदाम में 14 करोड़ से ज्यादा के स्टॉक से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। करीब 6 दिनों तक जांच करने के बाद दस्तावेजों को जब्त कर आईटी की टीम लौट गई।

बता दें कि जब्त किए गए दस्तावेजों की स्क्रूटनी के बाद कारोबारी समूह के संचालक और ठेकेदारों से पूछताछ होगी। साथ ही दस्तावेजी साक्ष्य पेश करने पर उसकी जांच कर टैक्स चोरी तय होगी। टीम ने 18 जुलाई को रायपुर व बिलासपुर के लोहा, कोयला, आरामिल और रेलवे ठेकेदार के 13 ठिकानों पर छापा मारा था




और 1.75 करोड़ की ज्वैलरी व 2.50 करोड़ रुपए का हिसाब नहीं देने पर उसे जब्त किया था। आयकर विभाग की मानें तो करोड़ों रुपए के वार्षिक टर्नओवर वाले समूह से जुड़े कारोबारियों द्वारा पिछले 5 वर्ष से लगातार कम रिटर्न जमा किया जा रहा था। साथ ही प्रोडक्शन लगातार कम होने और मंदी का हवाला देते हुए कारोबारी नुकसान दिखाया जा रहा था। इसके विपरित कारोबारियों का टर्नओवर बढ़ने के साथ ही फैक्ट्री का प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए निवेश, थोक में आयरन ओर की खरीदी की गई थी।

साथ ही वहीं रेलवे ठेकेदार द्वारा पिछले काफी समय से बड़ी निविदा हासिल की गई थी। इसके पूरा होने पर रेलवे द्वारा भुगतान भी किया गया था। इस बाद भी कारोबारी समूह और रेलवे ठेकेदार द्वारा टैक्स की चोरी की जा रही थी।

### इसके दस्तावेज मिलने पर आईटी की टीम ने छापामारा

आयकर विभाग को नान के एमडी मनोज सोनी, मार्कफेड दफ्तर और राइस मिलरों के ठिकानों में लेनदेन की कच्ची रसीदें मिली हैं। यह कस्टम मिलिंग के एवज में दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशि के एवज में लिए जाने वाले कमीशन से संबंधित बताए जाते हैं। इन सभी को जांच के लिए जब्त किया गया है। बता दें कि आईटी की टीम ने 18 जुलाई की देररात को नान एमडी, मार्कफेड दफ्तर व राइस मिलर्स के रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, महासमुंद, धमतरी और खरोरा स्थित 17 ठिकानों पर छापा मारा था।

### 13 ठिकानों में ईडी ने ली तलाशी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पीसीसी कोषाध्यक्ष एवं नान अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, राजनांदगांव के आदिमजाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे, कोरबा के निगम कमीश्नर प्रभाकर पांडेय सहित अन्य के ठिकानों पर जांच पूरी करने के बाद शानिवार की देर रात लौटी। सभी को पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलवाए जाने पर उपस्थिति दर्ज कराने कहा गया है। तलाशी के दौरान आदिमजाति विभाग के सहायक आयुक्त, कोरबा निगम आयुक्त के साथ ही सीए अनुप गुप्ता, लोहा कारोबारी एवं ठेकेदार सुनील रामदास, ऋषभ सोनी, अशोक अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, संजय शेंडे और टीआर सिंह के ठिकानों से बड़ी संख्या में दस्तावेज जब्त किया गया है।



# अभी नहीं मिलेगा डीए और एचआरए

**रायपुर,24 जुलाई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के करीब 5 लाख अधिकारी-कर्मचारियों को 1 अगस्त को मिलने वाला 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) और 9 प्रतिशत एचआरए अभी नहीं मिलेगा। इसी तरह से संविदा कर्मियों और पंचायत कर्मियों को भी सितंबर तक इंतजार करना होगा।

दरअसल, शुक्रवार को अनुपूरक बजट में डीए और एचआरए को पारित किया गया लेकिन, शनिवार-रविवार होने के कारण आदेश नहीं हो पाया। अगस्त के वेतन के साथ केवल पूर्व में स्वीकृत 5 प्रतिशत डीए ही मिलेगा। प्रशासन ने एक आईपीएस को अनिवार्य सेवानिवृत्ति आदेश के लिए तो शुक्रवार देर रात तक काम किया, लेकिन 5 लाख कर्मचारियों के वित्तीय बेनिफिट के लिए तत्परता नहीं दिखाई। बहरहाल सभी विभाग ने डीए और एचआरए शामिल किए जुलाई का बिल जमा कर दिया है।

# अब आरपीएफ इंस्पेक्टर को मिलेगा वीकली ऑफ



**रायपुर,24 जुलाई 2023(ए)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के रेलवे सुरक्षा बल इंस्पेक्टर को अब हर रविवार को अनिवार्य रूप से साप्ताहिक अवकाश मिलेगा। इस संबंध में पिछले दिनों आरपीएफ के उप महानिरीक्षक भवानी शंकर नाथ के हस्ताक्षर से एक आदेश जारी हुआ है। जारी आदेश में यह साफ लिखा हुआ है कि महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के आदेशानुसार पोस्ट प्रभारी, चौकी प्रभारी और प्रभारी निरीक्षकों को रविवार को अनिवार्य रूप से साप्ताहिक अवकाश दिया जाए। हालांकि इस आदेश में यह भी लिखा हुआ है कि राजपत्रित अवकाश या द्वितीय शनिवार के एवज में सीआर देने की प्रवृति को बढ़ावा नहीं दिया जाए।

नए आरपीएफ आइजी के आने के बाद आरपीएफ में काफी हद तक बदलाव देखे जा रहे हैं। नई प्रथा के मुताबिक जोन के हर स्तर के अधिकारियों को रात में चेकिंग का फरमान जारी किया गया है। इस आदेश के बाद पिछले दिनों डीआइजी रैंक के अफसर ने रायपुर रेल मंडल के एक रेलवे स्टेशन का निरीक्षण भी किया था। बताया जा रहा है कि जल्द आईजी भी जोन के किसी भी रेलवे स्टेशन या ट्रेन में निरीक्षण कर सकते हैं।

अच्छी बात यह है कि पिछले दिनों डीआइजी रैंक के आरपीएफ अफसर ने जब निरीक्षण किया तो इसकी जानकारी उन्होंने किसी को नहीं दी और न ही वे ट्रेन से आए। यही कारण है कि अब पूरे जोन में इस बात को लेकर आरपीएफ अफसर अलर्ट है कि जोन स्तर का कोई भी अधिकारी सड़क मार्ग से आकर भी अब निरीक्षण कर सकते हैं। हालांकि आइजी के साप्ताहिक अवकाश के आदेश से इंस्पेक्टर काफी खुश है और उनका कहना है कि इससे वे सप्ताह में एक दिन अपने परिवार को पूरा वक्त दे पाएंगे।

# सीएम भूपेश के बयान पर साव का पलटवार



» बोले-अपनी पार्टी की चिंता करें बघेल

**रायपुर,24 जुलाई 2023(ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि, भूपेश जी अपनी पार्टी की चिंता करेंज्न की हमारी, क्योंकि हमारा लक्ष्य कांग्रेस से जनता को मुक्ति दिलाना है।

उल्लेखनीय है कि, गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे और भाजपा की लगातार बैठकों के चलते सीएम भूपेश बघेल ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा था कि, भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। गृहमंत्री शाह प्रदेश के शीर्ष नेताओं से संतुष्ट नहीं हैं। इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पलटवार किया है।

अरुण साव ने भाजपा की लगातार हो रही बैठकों पर कहा कि, तरह-तरह के कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं। इसलिए विधानसभा स्तर की बैठक हो रही है। कार्यक्रम की योजना बनाने के लिए बैठक हो रही है। कांग्रेस सरकार से छत्तीसगढ़ की जनता को मुक्ति दिलाना भाजपा का एकमात्र लक्ष्य है।

### झूठ बोलना कांग्रेस की आदत

प्रदेश में राइस मिलर्स और कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई को लेकर सीएम बघेल ने कहा था कि, भाजपा यहां टिक नहीं पा रही है तो ईडी को भेज रही है, इसी पर भी प्रदेश अध्यक्ष साव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि, झूठ बोलना कांग्रेस की आदत है। कार्रवाई कई महीनों से चल रही है। गृहमंत्री शाह तो पार्टी की बैठक में शामिल होने आते हैं। रही बात ईडी की कार्रवाई की तो तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

### डरी हुई है कांग्रेस

भाजपा के चुनाव अभियान समिति में बाहरी नेताओं को जगह दिलाने को लेकर कांग्रेस के हमले पर अरुण साव ने जबाव दिया है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस घबराई हुई है। इसलिए बेतुकी बाते कर रही है। हमने घोषणा पत्र समिति बना दी है। कई समिति जल्द घोषित होगी, भाजपा काफी दिनों से कांग्रेस के घोटालों को उजागर कर रही है। यही वजह है कि, कांग्रेस डरी हुई है। इतना ही नहीं इनके कार्यकर्ता भी इनसे नाराज चल रहे हैं।

### भाजपा शीर्ष नेतृत्व में कुछ ठीक नहीं, इसलिए बार-बार आते हैं अमित शाह

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रदेश दौरे को लेकर भाजपा पर वार किया है। उनहोंने कहा कि, गृहमंत्री अमित शाह बार-बार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं, इसका मतलब है कि प्रदेश के शीर्ष नेताओं से वे संतुष्ट नहीं हैं।

दरअसल, सीएम बघेल रविवार शाम दुर्ग जिले के भिलाई पहुंचे थे। इस दौरान वे सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की ओर से आयोजित डॉ. खूबचंद बघेल जयंती समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर तंज कसा। श्री बघेल ने कहा कि, अमित शाह बार-बार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इसका मतलब है कि प्रदेश में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ये लोग रात में आते हैं और डंडा चलाकर चले जाते हैं। उन्होंने भाजपा पर एक आदिवासी नेता का अपमान करने का आरोप लगाया। सीएम ने कहा कि, ननकीराम कंवर को भाजपा नेताओं ने पार्टी कार्यालय में घुसने नहीं दिया। उन्हें वहां से भगा दिया गया। ये एक आदिवासी का अपमान है।

सीएम भूपेश ने राज्य में नक्सल समस्या खत्म होने का दावा करते हुए कहा कि, अब नक्सली पीछे हट चुके हैं। पहले लोग जगदलपुर तक नहीं जा सकते थे। अब बस्तर के अंदरूनी इलाकों में भी जा पा रहे हैं। गृहमंत्री खुद कोंटा जिले के नक्सली क्षेत्र में गए। वहां वर्षों से बंद स्कूलों को शुरू करने का काम किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की स्थिति बेहद मजबूत,चुनौती देना मुश्किल : टीएस

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आए थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेताओं के साथ हाईलेवल मीटिंग की और उसके बाद रविवार सुबह आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद गृह मंत्री शाह दिल्ली के लिए रवाना हो गए। गृह मंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री टीएस सिंदेव ने कहा कि अमित शाह अब छत्तीसगढ़ में किराए का मकान लेकर रहेंगे। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की स्थिति बेहद मजबूत है। इसलिए हमारा शीर्ष नेतृत्व यहां का दौरा नहीं कर रही है। लेकिन भाजपा को पता है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को चुनौती देना मुश्किल है। इसलिए उनके बड़े नेता बार-बार छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस हर वर्ग के लिए काम किया है। हम काम के दम पर जनता का विश्वास जीत कर उसके बीच जाएंगे और 2023 में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी।



# अनवर ढेबर की अंतरिम जमानत हाईकोर्ट ने स्वीकारी

**रायपुर,24 जुलाई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने आरोपी अनवर ढेबर की जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। बताया जाता है कि एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जमानत की अर्जी स्वीकार की है। ज्ञात हो कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब दो माह पूर्व ही हजारों करोड़ों के इस स्कैम में मास्टर माइंड मानते हुए अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया था। ईडी इस मामले में रायपुर स्थित न्यायालय में लगातार कई तथ्य प्रस्तुत कर चुकी है। न्यायालय के आदेश पर ही अनवर ढेबर को जेल दाखिल किया गया था। सूत्रों की माने तो इस बीच ढेबर के वकील ने हाईकोर्ट में भी एक याचिका दायर कर दी थी। जिस पर लगातार सुनवाई हो रही थी। आज हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान ही कोर्ट ने ढेबर की जमानत अर्जी स्वीकार कर लिया है। इस मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ भी लगातार सुनवाई हो रही है।

# फिर मोदी का छत्तीसगढ़ आगमन

» संगठन को मिला तैयारी करने का निर्देश

**रायपुर,24 जुलाई 2023 (ए)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। 7 अगस्त को नरेंद्र मोदी रायगढ़ आ सकते हैं। यहां वह जनसभा को संबोधित करेंगे। हालांकि प्रधानमंत्री कार्यालय से कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। मगर भारतीय जनता पार्टी सूत्रों की मानें तो संगठन को तैयारियां करने के निर्देश मिल चुके हैं। भाजपा के प्रदेश प्रभारी और चुनाव प्रभारी ओम माथुर रायगढ़ का दौरा कर सकते हैं। बिलासपुर संभाग के अलग-अलग जिलों से लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में बड़ी भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।



इससे पहले 7 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर में भी जनसभा संबोधित कर चुके हैं। यहां केंद्र सरकार से जुड़े कुछ प्रोजेक्ट को भी प्रधानमंत्री ने लॉन्च किया था। माना जा रहा है कि रायगढ़ में भी कुछ सरकारी योजनाओं की सौगात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दे सकते हैं।

# मणिपुर घटना के विरोध में बंद रहा बस्तर

**रायपुर,24 जुलाई 2023(ए)।** मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई निंदनीय घटना से पूरा देश आक्रोशित है। इस घटना से आदिवासी समुदाय आहत है। वहीं छत्तीसगढ़ में भी मणिपुर की घटना को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। सर्व आदिवासी समाज ने सोमवार को बस्तर बंद का आह्वान किया, जिसका असर कांकेर और सुकमा जिले में दिखने को मिला। कांकेर जिले के सातों ब्लॉक स्वफूर्तह बंद रहे। सुकमा जिले में भी बंद का व्यापक असर देखने को मिला। वहीं, सर्व आदिवासी समाज के बंद को चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने भी समर्थन दिया है।

आज सुबह से ही लोग अपनी दुकानें बंद रखकर मणिपुर में हुए घटना का विरोध जता रहे हैं। वहीं एक दिन



पहले कांकेर में आदिवासी समाज की सैकड़ों युवतियों ने केंद्रीय मंत्रियों का पुतला भी जलाया था। बता दें कि घटना सामने आने के बाद से समाज के युवा लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सर्व आदिवासी समाज के युवा प्रभाग के अध्यक्ष योगेश नरेटी ने बताया कि, मणिपुर में महिलाओं के साथ भयावह हिंसा की घटना निंदनीय है। इस घटना पर प्रधानमंत्री की चुप्पी और निष्क्रियता ने मणिपुर को अराजकता की ओर धकेल दिया है।

दरअसल, मणिपुर में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सर्व आदिवासी समाज ने बस्तर संभाग में बंद का आव्हान किया है। सुकमा, दोरनापाल, कोंटा, तोंगपाल में बंद का व्यापक असर देखने को मिला। आदिवासी समाज के युवा घूम-घूमकर दुकानें बंद करा रहे। सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस तैनात किए गए हैं।

# भाजपा नेता हुआ गिरफ्तार



» करोड़ों के घोटाले का है आरोप

**रायपुर,24 जुलाई 2023(ए)।** भाजपा के दिग्गज नेता प्रीतपाल बेलचंदन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि भाजपा नेता और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष पर उनके कार्यकाल के दौरान करोड़ों रुपए के घोटाले का आरोप है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने प्रीतपाल को गिरफ्तार किया है।

यह मामला 2014 से 2020 के बीच का है। प्रीतपाल लगातार 20 सालों तक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष थे। बता दें कि वे 2008 में दुर्ग ग्रामीण से भाजपा प्रत्याशी के रूप में विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। पुलिस आज प्रितपाल बेलचंदन को दोपहर तक कोर्ट में पेश कर सकती है।

# छत्तीसगढ़ में स्थित है सबसे बड़ा स्वयंभू प्राकृतिक शिवलिंग, जिसकी हर वर्ष बढ़ रही ऊंचाई...

**गरियाबंद,24 जुलाई 2023 (ए)।** सावन का पवन महीना चल रहा है। आज सावन का तीसरा सोमवार है। सावन के पूरे महीने में लोग धूमधाम से भगवान शिव को पूजते है। देशभर में 12 ज्योतिर्लिंग हैं, जिनके प्रति भगवान शिव के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। छत्तीसगढ़ में एक ऐसा शिवलिंग है, जिसकी मान्यता ज्योतिर्लिंग की तरह ही है। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में मौजूद भूतेश्वर महादेव अर्धनारीश्वर प्राकृतिक शिवलिंग है, जो राजधानी रायपुर से 90 किमी। दूर, गरियाबंद जिला मुख्यालय से लगभग 4 किमी। दूर और महासमुंद से 80 किमी। दूर घने जंगलों में बसा है। गरियाबंद जिले में स्थित भूतेश्वर महादेव का मंदिर जहां भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलता है। कहा जाता है कि भूतेश्वर महादेव कल शिवलिंग की लंबाई हर साल बढ़ती है।

बता दें कि राज्य के गरियाबंद जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच गांव मरौदा भूतेश्वर महादेव का मंदिर स्थित है। इस शिवलिंग की ऊंचाई 18 फीट तथा गोलाई 21 फीट है। शिवलिंग की ऊंचाई और गोलाई धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। राजस्व विभाग के अनुसार, प्रतिवर्ष इसमें 6 से 8 इंच की बढ़ोतरी हो रही है। भूतेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध यह शिवलिंग मरौदा में पहाड़ियों के बीच स्थित है। यहां भूतेश्वर महादेव को भर्कुरा महादेव भी कहा जाता है।

### भर्कुरा महादेव

भूतेश्वर नाथ महादेव को भकुर्रा महादेव के नाम से भी जाना जाता हैं। छत्तीसगढ़ की भाषा मे हुँकारना (आवाज़ देना) की ध्वनि को भकुर्रा कहा जाता हैं। इसलिए भूतेश्वर महादेव को भकुर्रा महादेव के नाम से भी पुकारा जाता हैं।



भूतेश्वर नाथ महादेव के पीछे भगवान शिव की प्रतिमा स्थित है, जिसमे भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिक, नंदी जी के साथ विराजमान है। इस शिवलिंग मे हल्की सी दरार भी है, इसलिए इसे अर्धनारीश्वर के रूप मे पूजा जाता हैं। इस शिवलिंग का बढ़ता हुआ आकार आज भी शोध का विषय है।

### भूतेश्वर नाथ महादेव का इतिहास

भूतेश्वर महादेव शिवलिंग स्वयं-भू शिवलिंग है, क्युंकी इस शिवलिंग की उत्पत्ति व स्थापना के विषय मे आज भी कोई सटीक तर्क मौजूद नहीं है। परंतु जानकारों व पूर्वजो के अनुसार कहा जाता हैं, कि इस मंदिर की खोज लगभग 30 वर्ष पहले हुई थी। जब चारो तरफ घने जंगल थे। इन घने जंगलो के बीच मौजूद एक छोटे से टीले से, आसपास के गाव वालो को किसी बैल के हुँकारने की आवाज़ आती थी। परंतु जब ग्रामीण वासियो द्वारा टीले पर जाकर देखा गया तो वहाँ न ही कोई बैल था और न ही कोई अन्य जानवर। ऐसी स्थिति को देख धीरे-धीरे ग्रामीण वासियो की आस्था उस टीले के प्रति बढ़ती गयी और उन्होंने उसे शिव का स्वरूप मानकर पूजा अर्चना आरंभ कर दी। तभी से वह छोटा सा शिवलिंग बढ़ते-बढ़ते विशालतम शिवलिंग का रूप ले चुका है। अब इसे भक्तो की आस्था कहे या भगवान का चमत्कार, तब से लेकर अब तक शिवलिंग का बढ़ना जारी है।

सावन मास मे यहाँ आपको विशेष रूप से भक्तो की भीड़ नज़र आयेगी। भक्तजन दूर- दूर से बाबा का चमत्कार देखने व दर्शन करने आते है। कावड़ियों के लिए यहाँ विशेष रूप से व्यवस्था की गयी है, इसके साथ ही साथ शिवरात्रि मे यहाँ तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता हैं। भूतेश्वर नाथ, पंच भूतो के स्वामी है और भक्तजन महाशिवरात्रि को यहाँ पहुँच कर अपने आप को काफी सौभाग्यशाली मानते हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)